श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 236, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 22 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

**बिग रोल के लिए तैयारः अशोक गहलोत, 30 सितंबर तक राहुल यात्रा पर, दिल्ली में सिर्फ सोनिया से मिलेंगे, शेड्यूल में नॉमिनेशन नहीं**

# 24 साल बाद गैर-कांग्रेसी को मिलेगी कमान !

**नई दिल्लीः** कांग्रेस का नया अध्यक्ष कौन होगा? इस यक्ष प्रश्न का उत्तर लगभग मिल गया है। हालांकि आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अशोक गहलोत ने साफ संकेत दे दिए हैं कि वे नामांकन भर रहे हैं। 25 साल बाद वे ही गैर गांधी चेहरा होंगे, जो कांग्रेस के अध्यक्ष बनेंगे। गहलोत ने पहले मंगलवार देर विधायक दल की बैठक में कहा था- मैं आखिरी बार राहुल गांधी से मिलकर उन्हें मनाने का प्रयास करूंगा, अगर राहुल नहीं माने तो फिर हाईकमान का जो आदेश होगा, उसके लिए आपको तकलीफ दूंगा। संकेत साफ था- वे अध्यक्ष पद का नामांकन भरेंगे। इसके बाद बुधवार को दिल्ली में मीडिया से कहा- अगर पार्टी के लोग मुझे चाहते हैं, उन्हें लगता है कि अध्यक्ष पद या सीएम पद पर मेरी जरूरत है तो मैं मना नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री रहने या न रहने के सवाल पर उन्होंने कहा- मैं वहां रहना पसंद करूंगा, जहां मेरे रहने से पार्टी को फायदा मिल रहा हो। 12 घंटे के अंदर





आए गहलोत के इन 2 बयानों ने तस्वीर काफी साफ कर दी है। हालांकि गहलोत के इन बयानों से पहले भी पॉलिटिकल पंडित दावा कर चुके थे कि यदि कोई गैर गांधी अध्यक्ष बनता है तो वो नाम अशोक गहलोत ही होंगे।

**कोच्चि जाकर राहुल गांधी से मिलेंगे**

**गहलोतः** दिल्ली पहुंचे गहलोत ने यह भी कहा कि वह कोच्चि जाकर राहुल गांधी को इस बात के लिए मनाने का प्रयास करेंगे कि वे पार्टी अध्यक्ष का पद संभालें। उनका कहना था कि राहुल गांधी से बातचीत करने के बाद ही वे तय करेंगे कि आगे क्या करना है। गहलोत ने कहा, मुझे कांग्रेस की सेवा करनी है। जहां भी मेरा उपयोग है, मैं वहां तैयार रहूंगा। अगर पार्टी को लगता है कि मेरी मुख्यमंत्री के रूप में जरूरत है या अध्यक्ष के रूप में ज्यादा जरूरत है तो मैं मना नहीं कर पाऊंगा।

**सीएम तो गहलोत ही रहेंगेः** सोमवार रात हुई विधायक दल की बैठक की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह ने कहा कि सीएम तो गहलोत ही रहेंगे। उन्होंने विधानसभा के बाहर कहा- अशोक गहलोत सीएम और राष्ट्रीय अध्यक्ष दोनों पदों पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अभी वो बने नहीं हैं। अगर बन जाएंगे तो उसके बाद ये सारी स्थितियां आएंगी। सारा फैसला होने दें। अभी तक यही तय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे तो भी सीएम रहेंगे। खाचरियावास ने कहा कि विधायकों की सबकी इच्छा है कि मुख्यमंत्री पद पर गहलोत ही रहें।

**पायलट की भूमिका तय होने में भी रहेगा रोल**

गहलोत का कोच्चि दौरा अध्यक्ष पद के चुनाव के साथ साथ राजस्थान की सियासत के हिसाब से भी अहम माना जा रहा है। वे अगर अध्यक्ष का चुनाव लड़ते हैं तो सचिन पायलट के अगले रोल को लेकर भी बात होगी। पायलट भी राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने कोच्चि गए हुए हैं। गहलोत राजस्थान सीएम पद से लेकर उनके अध्यक्ष के नामांकन तक को लेकर राहुल गांधी से बात करेंगे। बताया जाता है कि सोनिया गांधी से गहलोत की 24 अगस्त की मुलाकात के समय उन्हें इस बात के संकेत दे दिए थे कि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करना है।

## थरूर पहुंचे कांग्रेस मुख्यालय, मिस्त्री से मुलाकात



**उधर,** अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक बताए जा रहे वरिष्ठ नेता शशि थरूर भी आज कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री से मुलाकात की। थरूर समेत कई नेता कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के पात्र मतदाताओं की सूची प्रत्याशियों को देने की मांग कर चुके हैं। माना जा रहा है कि थरूर इसी सिलसिले में आज मिस्त्री से मिलने पहुंचे।

## कैबिनेटः सेमीकंडक्टर विकास से जुड़े कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी

**नई दिल्लीः** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में सेमीकंडक्टर के विकास और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दे दी। संशोधन के बाद विभिन्न प्रौद्योगिकी नोड्स के सेमीकंडक्टर फैब के साथ-साथ कंपाउंड सेमीकंडक्टर, पैकेजिंग और अन्य सेमीकंडक्टर सुविधाओं के लिए 50 प्रतिशत प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने भारत में सेमीकंडक्टर के विकास और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी दी है। इसके तहत भारत में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना की योजना के तहत सभी प्रौद्योगिकी नोड्स के लिए परियोजना लागत के 50 प्रतिशत की समानता के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। डिस्प्ले फैब स्थापित करने की योजना के तहत परियोजना लागत के 50



प्रतिशत की समानता के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। भारत में कंपाउंड सेमीकंडक्टर व सिलिकॉन फोटोनिक्स तथा सेंसर फैब और सेमीकंडक्टर एटीएमपी व ओएसएटी सुविधाओं की स्थापना के लिए योजना के तहत पूंजीगत व्यय के 50 प्रतिशत की समानता के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, योजना के तहत लक्षित प्रौद्योगिकियों में डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब्स भी शामिल होंगे। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम ने भारत में फैब (सेमीकंडटर उत्पादन फैक्टरी) स्थापित करने के लिए कई वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियां आकर्षित होंगी।

संशोधित कार्यक्रम से भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण के निवेश में तेजी आयेगी। संभावित निवेशकों से चर्चा के आधार पर यह उम्मीद की जाती है कि पहली सेमीकंडक्टर सुविधा स्थापित करने का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन, जो भारत में सेमीकंडक्टर के विकास और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम कार्यक्रम के लिए नोडल एजेंसी है, को सलाह देने के लिए उद्योग जगत और शिक्षा जगत के वैश्विक विशेषज्ञों की एक सलाहकार समिति का गठन किया गया था।

## नहीं रहे राजू श्रीवास्तव, एम्स में निधन

**नई दिल्लीः** गजोधर भैया अपनी जिंदगी के मंच से उतर गए। सामने लोग बैठे रहे और काला पर्दा झूल गया। राजू श्रीवास्तव की बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने की खबरें बनते-बनाते आखिरी खबर आ गई।

बुधवार सुबह 10 बजे के करीब दिल्ली एम्स में निधन हो गया। उमर 58 साल थी। दिल्ली में ही 10 अगस्त को एक्सरसाइज करते उन्हें हार्ट अटैक आया था। उसके बाद से ही एम्स में भर्ती थे। इलाज में पता चला था कि दिल के एक हिस्से में 100% ब्लॉकेज है।

## पीएम केयर्स फंडः रतन टाटा बनाए गए ट्रस्टी



**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने** मंगलवार को पीएम केयर्स फंड के न्यासी बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने पीएम केयर्स फंड में तहे दिल से योगदान देने के लिए देशवासियों की सराहना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कहा कि बैठक में पीएम केयर्स फंड की मदद से की गई विभिन्न पहलों पर एक प्रस्तुति दी गई। इसमें पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना भी शामिल है, जो कोरोना काल में अनाथ हुए 4,345 बच्चों का सहयोग कर रही है। ट्रस्टियों ने देश के लिए महत्वपूर्ण समय में फंड द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम केयर्स फंड में तहे दिल से योगदान देने के लिए देश के लोगों की सराहना की। बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि न केवल राहत सहायता के माध्यम से, बल्कि शमन उपायों और क्षमता निर्माण के माध्यम से भी आपात स्थिति और संकट की स्थितियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए पीएम केयर्स का एक बड़ा दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री ने ट्रस्टियों का पीएम केयर्स फंड का अभिन्न अंग बनने के लिए स्वागत किया। बैठक में पीएम केयर्स फंड के ट्रस्टी, यानी केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ-साथ पीएम केयर्स फंड के नए नामित ट्रस्टी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति के.टी. थॉमस, पूर्व डिप्टी स्पीकर करिया मुंडा, टाटा संस के चेयरमैन एमेरिटस रतन टाटा भी शामिल हुए। ट्रस्ट ने आगे पीएम केयर्स फंड में सलाहकार बोर्ड के गठन के लिए तीन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को नामित करने का निर्णय लिया गया। इनमें भारत के पूर्व नियंत्रक और महालेखा परीक्षक राजीव महर्षि, इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति, टीच फॉर इंडिया के सह-संस्थापक और इंडिकॉर्प्स और पीरामल फाउंडेशन के पूर्व सीईओ आनंद शाह शामिल हैं।


## पंजाब में सिखों का धर्मांतरणः राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग चिंतित

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय** अल्पसंख्यक आयोग ने पंजाब में सिखों के धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से धर्मांतरण रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। आयोग का कहना है कि पंजाब में सिखों को बहला-फुसलाकर और उन्हें प्रलोभन देकर ईसाई बनाए जाने का मामला सामने आया है। आयोग का कहना है कि इस संबंध में कई शिकायतें आयोग को मिली हैं जिस पर आयोग ने राज्य सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की है। यह जानकारी आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दी। लालपुरा ने बताया कि आयोग ने सिख और ईसाई प्रतिनिधियों की एक बैठक पूर्व में आयोजित की थी जिसमें इस समस्या के समाधान पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में ईसाई समुदाय के धर्मगुरुओं ने आश्वासन दिया था कि पंजाब में होने वाले धर्मांतरण को लेकर वह गंभीर हैं और इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। लालपुरा का कहना है कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए आयोग बहुत जल्द एक और बैठक आयोजित करने की तैयारी कर रहा है।

**संसदीय कार्य मंत्री सूरेश खन्ना ने कहा कि पुरानी पेंशन से बेहतर है नयी पेंशन प्रणाली**

## यूपी विधान सभाः पुरानी पेंशन का मामला उठा

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश विधान सभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने दिखा। सदन में गरमागरम चर्चा हुई। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। प्रश्न काल के दौरान कर्मचारियों की पुरानी पेंशन, गन्ना किसानों के मुद्दे और निकायों के परिसीमन जैसे कई मुद्दे उठे। समाजवादी पार्टी के रविदास मेहरोत्रा, महेन्द्र नाथ यादव और अवधेश प्रसाद की तरफ से सरकार से सवाल किया गया कि क्या सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करेगी



या नहीं। नहीं तो क्यों नहीं ? अनुपूरक में यह प्रश्न भी आया कि नयी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों द्वारा जमा की गयी धनराशि कहां जमा की जा रही है। इसका निवेश कहां किया जा रहा है।

विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देते हुए संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बड़ी संख्या में राज्य के कर्मचारियों ने पेंशन की नयी व्यवस्था को स्वीकारा है। पांच लाख 39 हजार 607 कर्मचारियों का करीब 25 हजार करोड़ से ज्यादा पैसा जमा हुआ है। पूरी जमा राशि का 85 प्रतिशत सरकारी बांड में लगाया गया है। बचे हुए 15 फीसदी पैसे एसबीआई पेंशन फंड, एलआईसी पेंशन फंड और यूटीआई पेंशन फंड में निवेश किया गया है।

## चीन से मुकाबले को तैयारः तीनों सेना प्रमुख

**नई दिल्लीः** तीनों भारतीय सेनाओं के प्रमुखों ने पूर्वी लद्दाख में ढाई साल से चल रहे गतिरोध के बीच चीन को एक सुर में कठिन चुनौती बताया है। सेना प्रमुख ने माना कि पूर्वी लद्दाख से हर वक्त तैयार रहने का सबक मिला है, इसलिए बुनियादी ढांचे में सुधार करना जरूरी है। वायुसेना प्रमुख ने पड़ोस में माहौल सुरक्षित न होने का हवाला देकर हाइब्रिड जंग के लिए तैयार रहने के लिए आगाह किया है। नौसेना प्रमुख ने भी चीन को कठिन चुनौती बताते हुए कहा कि उसने न केवल भारत की भूमि सीमाओं पर बल्कि समुद्री क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। यह संयोग ही है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने एक ही



दिन तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर पूर्वी लद्दाख में ढाई साल से चल रहे गतिरोध के बीच चीन को एक सुर में कठिन चुनौती बताया है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध से हर वक्त उच्च स्तर की तैयारी रखने और बुनियादी ढांचे में सुधार करने का सबक मिला है। सेना प्रमुख इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव में एक सवाल के जवाब में स्पष्ट किया कि उत्तरी सीमा के साथ अरुणाचल में भी बुनियादी ढांचे को सुधारना होगा। जनरल पांडे ने कहा कि गोगरा-हॉट स्प्रिंग में पीपी-15 से सैनिकों के हटने के बावजूद अभी भी गतिरोध वाले दो बिंदु देप्सांग और डेमचोक बचे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हम इनका भी समाधान निकाल लेंगे। सेना प्रमुख ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख में बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने विमानन बुनियादी ढांचे में सुधार की भी बात करते हुए बताया कि रणनीतिक व सामरिक एयरलिफ्ट के लिए आगे के क्षेत्रों में हेलीपैड का निर्माण किया जा रहा है।

## बॉर्डर विवादः असम-मिजोरम के सीएम के बीच अहम बैठक

**नई दिल्लीः** असम और मिजोरम के बीच जारी सीमा विवाद के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा के बीच दिल्ली में अहम बैठक हुई। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि आज हम मिले और असम और मिजोरम के मंत्रियों के बीच हुई बैठक की समीक्षा की और जो बातें हुईं हैं उसको लेकर हमने संतुष्टि प्रकट की है। उन्होंने कहा कि मैंने (मिजोरम सीएम) जोरमथांगा से मुलाकात की और दोनों राज्यों के बीच के मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। मेरे द्वारा गठित उच्च स्तरीय मंत्रियों की टीम ने आइजोल का दौरा किया और हम



एक क्षेत्रिय कमेटी गठित करने की प्रक्रिया में है जिससे हम बॉर्डर की समस्या को सुलझा सकें।

**पीएम मोदी से मिले सरमाः** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

## खबर संक्षेप

### अपहरण का मुकदमा दर्ज

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के उदयचंद्र पुर निवासिनी सुमित्रा देवी पत्नी प्रभु दयाल का आरोप है कि सन 2018 में गांव के ही विपक्षी जयप्रकाश सहित पांच अज्ञात लोगों ने मेरे ऊपर घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिए थे। इतना ही नहीं और उसी समय 3 दिन बाद मेरा लड़का जंग बहादुर घर से गायब हो गया था। वादी का आरोप है कि विपक्षी ने मेरे पुत्र को अगवा कर उसे गायब कर दिए है। वादी द्वारा बहुत पता लगाने के बावजूद भी कहीं पर पता नही लग पाया है। जिसको लेकर विपक्षियों के ऊपर सुमित्रा देवी ने मारपीट,गाली-गलौज,जान से मारने की धमकी अगवा करने का मुकदमा दर्ज करवा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### विवाहिता को घर से भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में दो लाख की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को भगा दिए। विवाहिता के पिता ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दांदूपुर निवासी उमाशंकर यादव पुत्र राम निहोर का कहना है कि उसने अपनी पुत्री अंजू देवी की शादी कुछ वर्ष पूर्व ग्राम खोजापुर निवासी अजीत कुमार के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज में दो लाख की मांग को ले कर प्रताड़ित कर रहे थे मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने अंजू देवी को भगा दिए।

# मासूम का मडहे से शव हुआ बरामद, हत्या की आशंका

## मृतक मासूम की बहन के बयान पर पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेंदौ गांव में एक मासूम का घर के बाहर छाए गए मडहे में शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक बेंदौ गांव निवासी लाल बहादुर यादव ने घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर एम पी सिंह नामक व्यक्ति के द्वारा लिए गए जमीन पर बने घर में परिवार के साथ लगभग 12 साल से रह कर देखरेख करते है। मंगलवार देर रात को लाल बहादुर की बड़ी बेटी सपना छोटे भाई अनुराग 12 वर्ष को साथ लेकर गांव में घर पर गई थी। जहां घंटो बाद दोनों वापस नहीं लौटे तो अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। जहां देखा गया कि अनुराग डाले गए मड़हे के अंदर गिरा हुआ था। वही बेटी भी मड़हे के पास में खड़ी थी । जिसके बाद अन्य परिजनों को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचकर आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह सूचना होने पर



घटना स्थल पर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र

एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, फॉरेंसिक टीम के साथ स्थानी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया गया। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने बताया की मामले में घरवालों से पूछताछ करते हुए विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। वही ग्रामीणों की बातों पर गौर करें तो 2 साल पूर्व में लाल बहादुर यादव के डेढ़ वर्षीय बेटे का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। वही परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### दुराचार के असफल प्रयास का न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** दो माह पूर्व घर में घुस कर विधवा की आबरू लूटने के प्रयास का न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विश्मभरपुर निवासनीय एक विधवा का आरोप है कि 12 जून 2022 को पडोस की एक महिला के घर एक युवक आता है और नाजायज शराब का कारोबार करता था। शाम को सात बजे जब वह घर में अकेली थी तो युवक घर में घुस कर दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि उसके कपडे जबरियन ऊतार कर निर्वस्त्र कर दिया। और दुराचार की कोशिश की। शोर मचाने पर उसे मारा पीटा गया और गालियां देखकर भाग गया और उक्त गांव की एक महिला के घर में छुप गया। विधवा का आरोप है कि उक्त महिला भी उसके साथ मार पीट करनेवाले लगी। विधवा ने तमाम फरियाद लगाई कोई सुनवाई न होने पर वह न्यायालय में फरियाद लगाई। न्यायालय के आदेश पर विधवा ने मऊआइमा थाने में बुधराम उर्फ बुध्धू पुत्र अज्ञात निवासी शाहपुर रानीगंज प्रतापगढ़ तथा विश्मभरपुर की महिला गीता देवी पत्नी चन्द्रबलि के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है।

## न्यूज झरोखा

### ब्लॉक दिवस पर करछना में नहीं दिखे हरियादी, तीन महीने से सचिव विहीन ग्राम पंचायत करछना विकास कार्य प्रभावित



**करछना।** सरकार द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए चालू की गई योजना संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस तथा ब्लॉक दिवस का आयोजन सरकार की मंशा के अनुरूप फरियादियों का अधिकारियों की उपेक्षा के चलते शिकायतकर्ता इन अवसरों पर अब बहुत कम दिखाई पड़ते हैं उसका जीता जागता उदाहरण यह है कि अनगिनत शिकायतों के बाद भी फरियादियों को न्याय नहीं मिल पाता जिसके कारण इन महत्वपूर्ण अवसरों पर अब फरियादी रुचि नहीं ले रहे हैं, वुधवार को करछना ब्लॉक दिवस के अवसर पर दो फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए बुधवार को करछना ब्लॉक परिसर में आयोजित क्लॉक दिवस पर मात्र 2 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें ग्राम पंचायत करछना की प्रधान आकृति सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि कि उनके ग्राम पंचायत में 3 महीने से सचिव की नियुक्ति नहीं किए जाने से वितीय अधिकार व विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है वही ग्राम पंचायत महोरी रीवा के हरिशंकर पांडे ने आवास से संबंधित शिकायत दर्ज कराई है इस मौके पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा जेएम आई बृजभान सिंह अमन सोनकर सचिव मोहम्मद आरिफ समाज कल्याण, पीआरडी बीओ संतोष सिंह मौजूद रहे।

### बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की लगी जन चौपाल



**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के मालती देवी गेस्ट हाउस में बुधवार को बड़ौदा यूपी बैंक पांडर व बारा की संयुक्त जनचौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील कुमार की अध्यक्षता में सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों को बैंक द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न ऋण योजना, जमा योजना व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। बारा प्रबंधक मुकुल कुशवाहा ने बैंक द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। इस मौके पर कई ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्य सहित क्षेत्रीय उपप्रबंधक राम प्रसाद, पांडर प्रबंधक दीपक सिंह पटेल, पंकज कुमार, दामिनी श्रीवास्तव, अजीत पाण्डेय, शिवओम मिश्र उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ऑप्टोमेट्रिस्ट संविदा कर्मचारियों ने भरी हुंकार



**सोरांव।** मंगलवार को प्रयागराज शाखा की बैठक चंद्रशेखर आजाद पार्क में शाखा के अध्यक्ष आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न की गई एवं इस बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एकमत से संघ का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने की बात कही। इतना ही नहीं अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि जिस भी सदस्य को चुनाव लड़ना है। वह अपना बायोडाटा समय से कार्यालय में उपलब्ध करा दें। जिससे शांति पूर्वक चुनाव हो सके। तथा संघ की गरिमा को सभी को बना कर रखना पड़ेगा। इस मौके पर संघ के सचिव मनोज कुमार, संरक्षक संतोष कुमार शुक्ला, सीएल शुक्ला, रामबाबू, राजीव दुबे, अमृता द्विवेदी, प्रमोद कुमार, मोहम्मद शाहिद संग सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## बरियाराम स्टेशन एवं सोरों कटरा बाजार जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त आवागमन बाधित

**जंघई।** जंघई वरुणा मार्ग से बरियाराम स्टेशन सोरों कटरा बाजार जाने वाली सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है जर्जर सड़कों में बारिश का पानी भरा हुआ है आवागमन बाधित हो रहा है लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। लेकिन प्रशासन या जनप्रतिनिधियों को ताल-तलैया बनी सड़क दिखाई नहीं दे रही है जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों में आक्रोश व्याप्त है क्षेत्रीय लोगों में सतीश पांडेय, विजय नाथ तिवारी, मुन्ना सिंह, विवेक सिंह, दीपू सिंह, प्रकाश दुबे, अभिषेक सिंह, रमेश केसरवानी, चंद्रमनि शर्मा आदि लोगों ने सड़क मरम्मत की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से किया है।

# शिव मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली, गुंबद व दीवार क्षतिग्रस्त

## सलैया खुर्द : आसपास के घरों में लगे बिजली उपकरण भी जले, मोहल्ले के सात समर्सिबल पंप बंद

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** खीरी थाना क्षेत्र के सलैया खुर्द गांव में स्थित एक शिव मंदिर पर मंगलवार की रात 8:30 बजे के आसपास रिमझिम बारिश के दौरान आसमान में तेज चमक व गड़गड़ाहट के आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का गुंबद एवं दीवार तथा पिलर क्षतिग्रस्त हो गए। मंदिर के आसपास स्थित घरों में लगे बिजली के उपकरण जैसे कूलर, पंखे, टीवी, स्टेबलाइजर, इनवर्टर इत्यादि जलकर नष्ट हो गए। मंदिर के ठीक बगल में प्रिया महिला सेवा संस्थान की महामंत्री चंदा पटेल का घर स्थित है। उन्होंने बताया कि 8:30 बजे के आसपास घर का कामकाज कर रही थी इसी बीच अचानक मंदिर के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे कई लोगों को अब भी जलन महसूस हो रही





है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में कुल 7 समर्सिबल पंप लगे हुए थे सभी के सभी समर्सिबल पंप भी जल गए हैं इस समय मोहल्ले में पीने के पानी के लिए त्राहि मची हुई है। सूचना पर खीरी पुलिस ने घटना का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान को टैंकर द्वारा मोहल्ले में पानी उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया, किंतु मोहल्ले के लोगों समेत समाज सेविका चंदा पटेल का आरोप है कि अभी तक न तो ग्राम प्रधान देखने आया और न ही लोगों को पीने हेतु पानी की व्यवस्था करा सका है। जिससे लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। मोहल्ले को लोगों ने पानी की उपलब्धता कराए जाने की मांग की है। शिव मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने के हादसे में किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है। भगवान बाबा भोलेनाथ ने सब कुछ संभालते हुए मोहल्ले के लोगों को सकुशल बनाए रखा।

# हस्ताक्षर कार्यवाही स्थगित होने से क्षेत्र पंचायत सदस्यों में जनाक्रोश

## अविश्वास की कार्यवाही हेतु विपक्ष अडिग, डटे रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल के अविश्वास को लेकर लगातार सरगर्मियां बढ़ती दिख रही हैं। अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही कराने में जुटे देवघाट से क्षेत्र पंचायत सदस्य उमाशंकर सिंह पटेल ने 111 क्षेत्र पंचायत सदस्यों का हस्ताक्षर युक्त हलफनामा जिलाधिकारी के यहां प्रेषित कर अविश्वास प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग की थी। जिसके सापेक्ष ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने 101 क्षेत्र पंचायत सदस्यों का हस्ताक्षर युक्त हलफनामा डीएम के यहां प्रस्तुत कर अविश्वास की कार्यवाही को अस्पष्ट कर दिया। विकासखंड कोरांव में कुल 158 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। पक्ष और विपक्ष के द्वारा दिए गए हलफनामे में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की संख्या 212 पहुंच रही है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों का हस्ताक्षर मिलान करने की तिथि 21 सितंबर दिन बुधवार सुनिश्चित की गई थी। उक्त तिथि को हस्ताक्षर मिलान की कार्यवाही कराने हेतु खंड विकास कार्यालय के द्वारा समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पर्ची उपलब्ध कराते हुए सूचना दी गई थी। सूचनानुसार नियत तिथि पर अविश्वास की कार्यवाही में जुटे क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने समर्थकों के साथ बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर आ पहुंचे, लगभग 10 बजे के आसपास खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार के द्वारा अविश्वास की कार्यवाही में जुटे क्षेत्र पंचायत सदस्यों को यह सूचना दी गई कि अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हस्ताक्षर मिलान की कार्यवाही एसडीएम के आदेश पर निरस्त कर दी गई। अविश्वास प्रस्ताव में जुटे क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जब ब्लॉक परिसर में ऐसी कोई सूचना चस्पा न होने की बात कही तो 11 बजे के बाद खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने हस्ताक्षर मिलान की कार्यवाही स्थगित किए जाने के बाबत सूचना चस्पा करा दी। अविश्वास कार्यवाही को सफल बनाने में जुटे क्षेत्र पंचायत सदस्य तकरीबन 1:30 बजे तक ब्लॉक मुख्यालय पर ही डटे रहे। कार्यवाही होते ना देख अविश्वास कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य उमाशंकर के नेतृत्व में तकरीबन 100 क्षेत्र पंचायत सदस्य जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन हेतु रवाना हो गए। अविश्वास प्रस्ताव कार्यवाही की अगली तिथि नियत न होने से क्षेत्र पंचायत सदस्यों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है।



### पूर्व विधायक व किसान नेता ने कहा यह लोकतंत्र की हत्या

ब्लाक प्रमुख कोरांव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर मिलान की कार्यवाही नियत तिथि व समय पर निरस्त किए जाने को लेकर पूर्व विधायक रामकृपाल कोल व किसान नेता भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन सिंह पटेल ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार में बैठे लोग अधिकारियों पर दबाव बनाकर नियत तिथि व समय पर कार्यवाही को स्थगित कराया है, जिसे जनता समझ रही है। समय आने पर इसका माकूल जवाब देगी। पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ने कहा कि मौजूदा ब्लॉक प्रमुख की कार्यशैली व उनकी उपेक्षात्मक रवैया से क्षेत्र पंचायत सदस्यों में बेहद नाराजगी है। यह कब तक मनमानी कर भागेंगे जब तक क्षेत्र पंचायत सदस्य अविश्वास प्रस्ताव मंजूर नहीं करा लेंगे तब तक चैन से बैठूंगा नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव ला रहे लोगों ने ब्लाक प्रमुख को अल्पमत में होने का जहां आरोप लगाया, वहीं ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने खुद कहा कि मेरे पक्ष में 101 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हलफनामा दिया है अविश्वास लाने वाले लोग अल्पमत में हैं।

### एसडीएम को अचानक मुख्यालय से बाहर जाने पर स्थगित हुई कार्यवाही

ब्लाक प्रमुख कोरांव के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर मिलान कार्यक्रम को अचानक स्थगित किए जाने के बाबत एसडीएम कोरांव योगेंद्र सिंह ने बताया कि अचानक जरूरी कार्यों से तहसील मुख्यालय कोरांव से बाहर जाने पर हस्ताक्षर मिलान की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। जब यह पूछा गया कि कोई अगली तिथि नियत हुई या नहीं तो उन्होंने बताया कि अभी तक कोई तिथि निश्चित नहीं हुई है।

### हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के निधन पर लोगो में शोक

**सहसों।** रोते को हंसाने वाले, हास्य कविता के प्रणेता, हास्य सम्राट 58 वर्षीय राजू श्रीवास्तव के निधन पर कवियों, कलाकारों में दुःख की लहर दौड़ पड़ी है। क्षेत्र के ग्राम सभा चकिया घरहरा में क्षेत्रीय कवियों व कलाकारों ने एक शोक सभा आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता लोक भाषा के वयोवृद्ध कवि लालजी देहाती ने किया। देहाती ने अपने संबोधन में कहा कि राजू श्रीवास्तव नए युग के मंचीय कलाकारों के प्रेरणाश्रोत थे। उन्ही की नकल करके नए कलाकारों ने कुछ नया करना सीखा। कलाकार के साथ राजू श्रीवास्तव जी की लेखनीय भी बहुत अच्छी थी। कार्यक्रम का संचालन युवा हास्य कवि धनञ्जय शाश्वत ने किया।सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। उक्त अवसर पर राजकुमार अंजाना, अमित आभास, रामचरन शर्मा, जगदीश यादव, हरिओम शुक्ला, विकास इलाहाबादी, राजकुमार पांडेय, मंगल पांडेय सहित दर्जनों की संख्या में कवि कलाकार उपस्थित रहे।

# उरुवा में निपुण भारत के चौथे बैच का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

## प्रशिक्षण में बीइओ उरुवा ने बताया गणित के जादुई ट्रिक, प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक 2 बैच में ले रहे हैं प्रशिक्षण गुणवत्ता व लक्ष्य प्राप्त करने पर दिया गया बल

**मेजा।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र उरुवा में कल से चार दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे बैच का शुभारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा नीरज श्रीवास्तव ने चौथे बैच के प्रथम दिवस गणित के जादुई टिक को बहुत ही अच्छे ढंग से शिक्षकों को समझाया और प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बताते हुए निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों का परिचय कराते हुए सभी अध्यापकों को इस दिशा में क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण बीआरसी उरुवा के सभागार में 2 कमरों में चलाई जा रही है। जिसमें कुल 90 शिक्षकों को प्रशिक्षण लेने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। कक्ष संख्या एक मे 50 शिक्षक एवं कक्ष संख्या दो में 40 शिक्षकों को सन्दर्भदाताओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ब्लॉक के एआरपी सुनील शुक्ला (विज्ञान), राजेश मिश्रा (गणित), प्रीतम दास (सामाजिक विज्ञान), विमलेश यादव (हिंदी) तथा विशेष रूप से



आमंत्रित सन्दर्भदाता के रूप में कोरांव ब्लॉक के सन्दर्भदाता गणेश तिवारी द्वारा सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कुल पांच चरणों मे संपन्न होगा। विज्ञान के एआरपी,सन्दर्भदाता सुनील शुक्ला ने निपुण भारत अभियान सीखने के प्रमुख सिद्धांत और उत्साह वर्धन गतिविधियों पर चर्चा की और शिक्षकों को 22 सप्ताह के शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा प्री प्राइमरी से कक्षा 3 तक के बच्चों को पढ़ाने का तरीका बताया। जिसमें साप्ताहिक कार्ययोजना, वार्षिक कार्ययोजना बनाकर निर्धारित लक्ष्य को मार्च 2026 तक सभी बच्चों को प्राप्त कराने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं गणित के एआरपी,सन्दर्भदाता राजेश मिश्रा ने प्रशिक्षण में निहित तकनीकी पक्ष की चर्चा करते हुए उसके उपयोग,गुणवत्ता संवर्धन व समय के क्रम में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया और गणित ट्रैकर्स के बारीकियों के बारे में शिक्षकों को बताया। एआरपी, सन्दर्भदाता प्रीतम दास, विमलेश यादव व गणेश तिवारी ने निपुण भारत के लक्ष्य को जिले में सर्वप्रथम प्राप्त करने के लिए सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया। प्रशिक्षण के चौथे बैच में कुल 90 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के रोहित त्रिपाठी का प्रशिक्षण में पूरा सहयोग रहा। उक्त अवसर पर संतोष पांडेय, अजीत तिवारी, सचिन कुमार, स्वाति द्विवेदी, शिप्रा, अर्जुन सिंह, पूनम दुबे, चंदा द्विवेदी, कमल सिंह, अमरेश पांडेय, ममता शुक्ला, सुनील मिश्रा, शैलेश दुबे, सविता यादव, आशीष रंजन आदि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक लोग उपस्थित रहें।

# अच्छे लगते हैं हमें यार बरसते बादल...

## चाकघाट रामलीला मैदान पर आयोजित कवि सम्मेलन में यूपी और एमपी के कवियों ने सजाई महफिल

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** चाकघाट का रामलीला मैदान सोमवार की रात यूपी और एमपी के नामचीन कवियों के नाम रहा। नीलम मिश्रा की स्मृति में आयोजित 17वें कवि सम्मेलन में कवियों ने जहां सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार किया तो वहीं प्रेम रस की चाशनी में डूबी पंक्तियों के जरिए लोगों के मन को भी छूने की कोशिश की। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित चाकघाट के रामलीला मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन की शुरूआत डा. नीलम मिश्रा नीलम ने मां वीणापाणि की वंदना से की। उन्होंने अपनी रचना झअच्छे लगते हैं यार बरसते बादल, सुनाकर लोगों के अंतर्मन को छूने की कोशिश की। इसी क्रम में बघेली हास्य कवि के रचनाकार रामसुख सफाया व सुधाकांत बेलाला ने लोगों को खूब गुदगुदाया। गीतकार सुरेश की रचना- हर ओर तिरंगा है...खूब सराही गई। कवि विपिन बिहारी तिवारी ने झमन वचन कर्म से एक हो जाइए, ने भी खूब तालियां बटोरी। इसी क्रम में रींवा (मध्यप्रदेश) के कवि सत्येंद्र शक्ल सजग एवं




केशरीप्रसाद नंदन का काव्यपाठ सराहा गया। प्रयागराज कोरांव के आलोक ने अपनी रचनाओं के जरिए समाज को कुरेदने की कोशिश की। अंत में संचालक ठाकुर इलाहाबादी ने अपनी रचना- बीवी-बच्चे से ज्यादा जिसको पापा से प्यार है, असली हीरो इस कलयुग में अपना श्रवण कुमार है...के साथ सम्मेलन का समापन किया। इसके पूर्व चीफ गेस्ट विभव जायसवाल (नगर परिषद चाकघाट) ने कवियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। आयोजक व्यापार मंडल चाकघाट व संयोजक श्रवण कुमार ने माल्यार्पण किया। आयोजन की अध्यक्षता रमेशदास ने की। इस मौके पर प्रशांत पाठक, लालजी करवरिया, डा. प्रभाकर सिंह राजू, इंजीनियर अंत में श्रवण कुमार ठाकुर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बहला फुसलाकर युवक ने किया किशोरी का अपहरण दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में एक युवक ने एक किशोरी को बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया। किशोरी की माता ने यूवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम गधिना निवासी एक युवक का मऊआइमा के ग्राम सकरामऊ आना जाना था। बताते हैं कि युवक का किशोरी से प्रेम हो गया।

बताया गया है कि युवक किशोरी को लेकर फरार हो गया। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाना में सोरांव के ग्राम गधिना निवासी शौकीन पुत्र पुल्ली के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## खबर संक्षेप

### मनबढ़ युवकों ने हवाई फायरिंग कर फैलाई सनसनी

#### लीलापुर रोड पर संचालित हो रहा है अवैध फूड बाजार

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लीलापुर मार्ग पर लग रहे अबैध फूड बाजार में बाइक सवार युवकों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। बताया जाता है कि फायरिंग करने वाला युवक पहले भी फूड बाजार में बम पटक कर दहशत फैला चुका है। बता दें कि लीलापुर मार्ग पर त्रिवेणी पुरम कॉलोनी के पास सड़क दोनों पटरियों पर अवैध फूड बाजार संचालित हो रहा है जहां आए दिन दुकान लगाने को लेकर मारपीट तो कही फूड बाजार में आए लोग सड़क पर गाड़ी पार्क कर देते है निसके लिए विवाद होता है। कई बार तो दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। बुधवार की शाम मनबढ़ युवको ने फूड बाजार में हवाई फायरिंग कर सनसनी फैला दी। दुकानदारों की मानें तो कुछ महीने पहले फूड बाजार में फायरिंग करने वाले युवको ने पांच बम फेंके थे गनीमत थी कि बम फटा नहीं नहीं तो कई लोग घायल हो जाते और इन सब चीजों से नगर निगम के साथ स्थानीय पुलिस बेपरवाह बनी हुई है।

# कारोबारी के घर चोरी का हुआ भंडाफोड़

## पुलिस ने किए सोनार सहित चार लोगों को गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रानीमंडी मोहल्ला निवासी कारोबारी प्रमोद माहेश्वरी के घर हुई चोरी का अतरसुइया पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मामले में नसीर उर्फ बबलू, उसके साले अनीस व सोनार रिषभ उर्फ पिंटू, पवन सोनी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक किलो चांदी और तीन सौ ग्राम सोने के आभूषण व बाइक बरामद हुई है। नसीर का साथी हैदर अभी फरार है और उसकी तलाश चल रही है।बुधवार शाम पुलिस लाइन में एसपी सिटी संतोष कुमार मीणा ने अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश किया। बताया कि कांशीराम कालोनी नैनी निवासी नसीर करेली में रहने वाले अपने साले अनीस के साथ सूने मकान की रेकी करके चोरी करता है। वह करीब एक माह पहले जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद अनीस व हैदर के साथ रानीमंडी पहुंचा। वहां देखा कि प्रमोद माहेश्वरी के घर में ताला लटक रहा है।आठ सितंबर की रात मकान भी की रेकी की और फिर ताला तोड़कर भीतर रखे जेवरात, नकदी गायब हो गए। अगले दिन प्रमोद की बहन ने मुकदमा दर्ज कराया था। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोरों की बाइक पर एक निशान बना है, जिसके आधार पर ट्रेस करते हुए थानाध्यक्ष अतरसुइया योगेश प्रताप सिंह, दारोगा प्रवीण कुमार, अरविंद सोनकर, राहुल कुमार ने टीम के साथ घेरेबंदी करके चोरों को दबोच लिया।पूछताछ में बताया कि उन्होंने नैनी के रिषभ व भावापुर के पवन की दुकान पर चोरी के आभूषण को ढाई लाख में बेचने की डील की है। इस पर पुलिस ने दुकान पर दबिश देकर चोरी के आभूषण को कब्जे में ले लिया। एसपी सिटी ने कहना है कि नसीर के विरुद्ध 26 और अनीस के खिलाफ 16 मुकदमे हैं। फरारी के दौरान दोनों अपने साथियों के घर में छिपे थे।



पुलिस के गिरफ्त में शातिर चोर

## चौबीस घण्टे के अन्दर चोरी के सामान के साथ चार चोर किये गये गिरफ्तार

**हण्डिया।** थाना हण्डिया कोतवाली पुलिस ने थानाक्षेत्र में हुई चोरी की घटना खुलासा करते हुए चौबीश घण्टे के अंदर वारदात में शामिल चार चोरो को आज गिरफ्तार कर जेल भेजा।एसएसपी प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अपराध पर नियंत्रण हेतु अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में उनकी पुलिस ने चोरी के सामान समेत शामिल चोरो को दबोच लिया।पीड़ित द्वारा थाना कोतवाली हण्डिया पर सरिया चोरी होने के सम्बन्ध में सूचना प्रार्थना पत्र दिया गया था।जांच के बाद प्रभारी निरीक्षक ने थाने पर 587/2022 धारा 379 में मुकदमा दर्ज का आदेश देते हुए खुलासा हेतु दरोगा अवधेश सोनी अन्य पुलिस फोर्स की एक टीम बनाते हुए शामिल चोरो को पकड़ने के कड़े निर्देश दिए।जिसके बाद पुलिस टीम मामले को गंभीरता से लगी और प्रकाश में आये मो0 शमजान पुत्र मनौवर अली निवासी हनुमानगंज, राजेन्द्र पुत्र अर्जुन , शिवा भारतीया पुत्र बऊ भारतीया करन भारतीया पुत्र हजारी लाल निवासीगण सरायमंसूर हण्डिया को ग्राम बिंदा से 24 घण्टे के अंदर पकड़ लिया। और थाने ले आयी उनसे पूछताछ करते हुए कब्जे से चोरी किये गये लगभग एक कुन्तल सरिया के टुकड़े बरामद आदि बरामद कर लिए।पुलिस कहना है की शेष कार्यवाही को पूरा करने के बाद उन्हें जेल भेजा गया।

## न्यूज झरोखा

### मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के तहत की गई साफ सफाई



**सोरांव।** मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी विद्यालयों को आदेश जारी किए कि मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय की अवधारणा पर सभी विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राएं व शिक्षा देने वाले शिक्षकगण मिलकर के विद्यालय की साफ सफाई करें। जिससे बच्चे करके सीखने की।प्रणाली का विकास होगा। इतना ही नहीं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रुचि सिंह ने कहा कि जो बच्चे करके सीखते हैं उनमें स्मरण शक्ति ज्यादा पाई जाती है और बच्चे बहुत ही रुचि व मन लगाकर काम करते हैं। जिससे उनको आजीवन याद रहता है। इसलिए सरकार ने करके सीखने की प्रणाली पर विशेष जोर दिया है। इसी के तहत मंगलवार को सोरांव क्षेत्र का नारायणपुर प्राइमरी विद्यालय में बच्चों बृहद सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर सहायक अध्यापिका कंचन मौर्य व सोनाली संग शिक्षा मित्र श्वेता शुक्ला मौजूद रही। वहीं इंचार्ज प्रधानाध्यापक रुचि सिंह ने कहा कि शिक्षा व शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाडेगा। अर्थात सभी लोग शिक्षित हो जिससे बच्चों के साथ–साथ माता–पिता और देश का भी नाम रोशन होगा। इस पर ग्राम प्रधान कमलेश कुमार सरोज ने भी बच्चों को शिक्षा के बारे में जागरूकता का पाठ पढ़ाएं।

### नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के छात्रों का चयन

#### स्कूल के निदेशक डॉ आर पी पांडेय ने छात्रों एवं कोच को बधाई दी





**करछना।** 30वीं जूनियर टेनिस बॉल क्रिकेट 2022 की होने वाली प्रतियोगिया में जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर के दो छात्रों में, वृहद मनी शुक्ला एवं प्रियांशु पांडेय का चयन किया गया है यह दोनों छात्र हरिद्वार में खेलते नजर आएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड के भल्ला स्टेडियम हरिद्वार में 21 सितम्बर से 24 सितम्बर को होगा। इस प्रतियोगता में प्रियांशु पांडेय कक्षा 11 व बृहद मणि शुक्ला कक्षा 12 के छात्र खेलते नजर आएंगे। नेशनल क्रिकेट टीम में चयन पर जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ आर पी पांडेय,श्रीमती कुसुम पांडेय,डॉ के के शुक्ला, प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा व शिक्षक एवं शिक्षकाओं ने छात्रों व कोच श्री रवि भूषण राय को बधाई दी।

### मार्शल आर्ट प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**सहसों।** जनपद स्तर पर मेडल प्राप्त छात्र–छात्राओं को सम्मानित करते हुए शुभम मार्शल आर्ट कराटे एकेडमी मथुरा उर्फ पन्ने पारंडीह में जनपद स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रांच मेडल प्राप्त छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। विगत दिनों मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी में फोर्थ डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शुभम मार्शल आर्ट कराटे एकेडमी के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया था ।प्रशिक्षणार्थियों ने अपने हुनर का जलवा बिखेरते हुए छह गोल्ड मेडल प्राप्त जिसमें राज वैभव पटेल, शिवम मौर्या,अर्पिता सिंह, प्रियंका सिंह, लकी यादव ने प्राप्त किया। वहीं पर पांच सिल्वर जिसमे विराज मौर्या, पुनीत दूबे, रचित मौर्या एवं जैद अंसारी तथा दो ब्रांच मेडल अर्चिता सिंह एवं कृतिका मौर्या ने प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक एवं कोच शुभम मौर्या ने सभी मेडल प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को माल्यार्पण व बुके भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया ।

## श्री राम बरात कमेटी एवं रोशनी कमेटी के साथ बैठक संपन्न



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** श्री राम बारात कमेटी की बैठक आगामी 29 सितंबर को होने वाले मेले को लेकर रोशनी कमेटी के साथ शोभायात्रा एवं मेला को भव्य रूप देने को लेकर नया पुरवा काली मंदिर सिद्धार्थ मेडिकल स्टोर पर बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में उपस्थित कमेटी के संचालक कौशल सिंह प्रशासनिक व्यवस्था पर वरुण केसरवानी आर एन मौर्य विजय सिंह एस पी श्रीवास्तव विमलेश सोनकर दीपू भाई जी डी के जयसवाल प्रकाश पंकज जयसवाल बेनीगंज के सम्मानित सदस्य दिग्विजय कुशवाहा प्रदीप शर्मा लोकेश पांडे जी वीरेंद्र प्रसाद मिश्र दीपक कुशवाहा सत्यदेव शाह आदि लोग उपस्थित रहे, यह जानकारी मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार ने दी है।

## ब्लॉक दिवस पर विद्यालयों के कायाकल्प की हुई समीक्षा

### श्रृंगवेरपुर ब्लॉक मुख्यालय में ओम प्रकाश मिश्रा ने परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प की किया समीक्षा, बेसिक स्कूलों के कायाकल्प की प्रगति की सचिवों को देनी होगी रिपोर्ट




श्रृंगवेरपुर ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक दिवस में शामिल बीईओ ओपी मिश्रा समेत अन्य अधिकारी।



कौड़िहार ब्लाक में वीडियो के साथ ब्लॉक दिवस पर बैठक करते बीईओ ओपी मिश्रा।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगोपालगंज।** कायाकल्प से संबंधित 19 पैरामीटर पर खंड विकास अधिकार /सहायक विकास अधिकारी (पंचायत ) एवं ग्राम विकास अधिकारी के साथ बिंदुवार ब्लॉक में संचालित परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प की समीक्षा की गई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ने कहा कि कंपोजिट ग्रांट से कार्य कराने के लिए प्रधानाध्यापक को निश्चित पैरामीटर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जो अमल में भी लाया जा रहा है। मल्टीपल हैंड वाश, रैम्प-रेलिंग, शौचालय-मूत्रालय में नल जल आपूर्ति, विद्युत उपकरण आदि क्रियाशील एवं संचालित तो जरूर हैं। परंतु इसमें ब्लॉक की भी अनिवार्य रूप से सहभागिता होनी चाहिए। बीईओ ने अपूर्ण कार्य को तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। श्रृंगवेरपुर ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित ब्लॉक दिवस के अवसर पर कौड़िहार खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा भी शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता एडीओ आईएसबी मयूरेश तिवारी ने किया। इस दौरान विभिन्न ग्राम सभाओं के उपस्थित सचिवों की उपस्थिति में विद्यालय वार अपूर्ण पैरामीटर की सूची के अनुसार समीक्षा की गई। बीईओ द्वारा अपूर्ण विद्यालय की सूची प्रस्तुत की गई। अपूर्ण पैरामीटर पूर्ण कराने हेतु सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया, कि प्रति माह समीक्षा बैठक में प्रगति रिपोर्ट के साथ प्रतिभाग करने हेतु निर्देश दिया गया।

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

**अखंड भारत संदेश**

पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण




**हडिया।** तहसील के अंतर्गत आने वाले सरायपीथा जहां पर अमृत सरोवर पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के तहत उत्तर प्रदेश होमगार्ड के जवानों द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें वहां पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव मौजूद रहे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण को लेकर बताया, उन्होंने बताया कि हमें जल को बचा के रखना है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े और वृक्षारोपण कर उन्होंने मौजूद लोगों से अपील की सभी लोग कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसकी देखरेख करें,जिससे हमारा पर्यावरण बचा रहे और हमें शुद्ध हवा मिल सके इस मौके पर वहां पर राकेश चौरसिया जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान प्रवीण संतोष सिंहज देवी प्रसाद यादव, मुन्ना सिंह आदी, मौजूद रहे।



## पूर्वजों के मोक्ष हेतु देवबरा से गया धाम प्रस्थान किया

**जंघई।** देवबरा, पिपरी गांव निवासी विजय मणि पांडेय, राधे मोहन पांडेय पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों के श्राद्ध हेतु मंत्रोच्चारण के बीच तर्पण पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यान केंद्रित करके अपने अराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार खानदान की सुख समृद्धि हेतु गया धाम प्रस्थान किया। पितरों के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग पितरों के तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है। पारिवारिक सदस्यों, खानदान तथा क्षेत्रवासियों के संग गाजे बाजे के साथ गांव में भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों में अक्षत छिड़कते हुए प्रस्थान किया।इस अवसर पर भाजपा नेता अवधेश तिवारी, जगदीश तिवारी, चांडिका त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, विकास पांडेय इलाहाबादी, दिलीप पांडेय, प्रदीप पांडेय, राजेश पांडेय, नीलेश पांडेय, एडवोकेट हितेश पांडेय, सत्यम पांडेय, देव पांडेय, वेद पांडेय, शिवम पांडेय, विनायक पांडेय, शिवा पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## श्री राम जानकी मंदिर जंघई में ऐतिहासिक रामलीला 91 वें वर्ष हुई प्रारंभ



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** श्री राम जानकी मंदिर जंघई प्रयागराज की 18 दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला में प्रथम दिवस मनु शतरूपा वरदान मंचन के साथ रामलीला प्रारंभ हुई यह रामलीला 1932 से अनवरत चल रही है। जिसमें बाजार के निवासियों के अलावा क्षेत्र के तमाम गांवों के लोग भी रामलीला देखने आते हैं। रामलीला मंचन में भगवान विष्णु आदित्य, ऋषि मुनि शीतला प्रसाद पाठक, मनु लोलारख यादव,सतरुपा पुलथी यादव, उत्तानपाद का सुजीत पाठक ने अभिनय किया। महंत चंद्रमा दास महराज के मार्गदर्शन में चल रही रामलीला कमेटी के सदस्यों में राजू सिंह भाईसाहब, सभाजीत पांडेय, आचार्य संदीप पांडेय, अमित पाठक, किशन पाठक विश्व हिंदू परिषद, सुरज दुबे, शैलेष पाठक, धीरज पांडेय, आयुष जायसवाल, नरेश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## पावर हाउस की ट्राली खराब होने से दर्जनों गांव में पसरा अंधेरा

**हनुमानगंज।** हबूसा मोड़ से संचालित होने वाले कोटवा पावर हाउस की ट्राली में खराबी आने से दर्जनों गांव में अंधेरा पसर गया। सामान की उपलब्धता न होने की वजह से बुधवार रात खराबी दूर नही किया जा सका। कोटवा पावस हॉउस से कोटवा, बरईपुर, सुदनीपुर, मलखानपुर, जमुनीपुर, ककरा, तिवारीपुर, दलापुर, सहित दर्जनों गांव में विद्युत आपूर्ति की जाती है। बुधवार की रात 8 बजे के करीब अचानक पावर हाउस की ट्राली में खराबी आ गई। जिसकी वजह से क्षेत्र में अंधेरा पसर गया। देर रात तक खराबी को दूर नहीं किया जा सका था। बताया जाता है कि सामान उपलब्ध नही था। गुरुवार दोपहर बाद ही विधुत आपूर्ति सुचारू हो पायेगी।

## माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन गुट डीएम को 23 को देंगे ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन गुट प्रदेश इकाई के आह्वान पर वित्तविहीन विद्यालयों की नवीन मान्यता संसोधन तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों का तीन वर्ष की मान्यता नवीनीकरण सम्बन्धी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के संसोधन प्रस्ताव का संघ की प्रयागराज इकाई ने आगामी 23 सितम्बर को विरोध करने का ऐलान किया है।

संघ के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के निरंकुश प्रस्ताव का विरोध करते हुए जनपद के समस्त प्रबंधक/प्रधानाचार्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अपील की है कि परिषद ने शिक्षा को पूँजीपतियों के हाथ सौपने तथा मध्यम व गरीब वर्ग को माध्यमिक व उच्च शिक्षा से वंचित करने का कदम उठाया है। जो वित्तविहीन विद्यालयो के साथ खुला अन्याय है।गत 3 सितम्बर को प्रदेश कार्यसमिति ने प्रदेश अध्यक्ष/शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में निर्णय लिया कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारियों को सौपा जायेगा। प्रदेश कार्यसमिति के निर्णय के क्रम में जिला इकाई प्रयागराज द्वारा पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी प्रयागराज को समस्त प्रबंधक/ प्रधानाचार्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर धरना देकर ज्ञापन सौपने के लिए समय से पहुंचने की अपील की गई है।अपील करने वालों में मुख्य रूप से अभयराज सिंह, फूलचंद्र कन्नौजिया , सीता शरण सिंह, बुधराम यादव , बालेन्दु गौतम, गोविन्द प्रसाद भूर्तिया, प्रेमचंद्र, कमलचंद, भुवाई लाल यादव, शिवमूरत पटेल, मानसिंह पटेल, जेपी यादव, अवधेश पटेल, रामजी यादव, शैलेन्द्र कुमारी मौर्या, सविता यादव, अवधेश श्रीवास्तव, शिव मोहन सिंह पटेल, अमरचंद गुप्ता , सर्वेश आदि प्रमुख हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत छीड़ी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांकः मेमो/ पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना/ निविदा/2022-23/ दिनांक

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत निम्न लिखित निर्माण कार्यो को कराने / सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्र पंचायत जसरा में पंजीकृत ठेकेदारों / सामग्री आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15–06–2022 को दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय में देखी जा सकती है। किसी एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी जसरा को होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 15.06.2022 को सायं 4 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदा डाली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/ मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमृत सरोवर का सौन्दर्यीकरण | छीड़ी | मनरेगा/राज्य/ 15वां वित्त | 1600000 | 500 | 32000 | 1 माह |
| 2. | प्राथमिक विद्यालय में सौन्दर्यीकरण | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 300000 | 500 | 6000 | 1 माह |
| 3. | गुरूचरण के घर से पंचायत भवन तक WBM कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 250000 | 500 | 5000 | 1 माह |
| 4. | बंशीलाल के घर से राममिलन के घर तक नाली निर्माण एवं इण्टरलाकिंग मरम्मत कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 300000 | 500 | 6000 | 1 माह |
| 5. | अंगनू के घर से दूधनाथ के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग मरम्मत कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 6. | सुनील के घर से निर्मल के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 7. | रामलाल के घर से गुलाब के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 8. | डेबा के घर से राम प्रसाद के घर तक नाली निर्माण का कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 9. | ग्राम सभा में स्ट्रीट लाईट का कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 10. | संजय के घर से रामकृष्ण के घर तक नाली निर्माण कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 11. | जलनिगम में पाइप लाइन मरम्मत का कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 12. | दवरहा के घर से सूरज नाथ के घर तक WBM कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 13. | मेन सड़क से वीर सिंह के घर तक WBM कार्य | छीड़ी | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय छीड़ी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय छीड़ी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

सतीश गुप्ता
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत छीड़ी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

अमित कुमार शुक्ला
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत छीड़ी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# राजू श्रीवास्तव के निधन से कला जगत को भारी नुकसानः राजा अनिल

## पीबीपीजी कालेज में शिक्षकों व छात्रों ने मनाया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के निधन पर भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने प्रतापगढ़ सिटी स्थित किला में शोकसभा में कहा कि राजू श्रीवास्तव का अंदाज विशिष्ट था, उन्होंने अपनी अद्भुत प्रतिभा से देशवासियों को प्रभावित किया।

उन्होंने कहा कि राजू श्रीवास्तव का निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं उनके परिजनों व प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। ईश्वर उन्हें यह अपार दुःख सहने की शक्ति दें। बता दें कि बीते 10 अगस्त को जिम में



कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के साथ राजा अनिल प्रताप सिंह (फाइल फोटो)

वर्कआउट के दौरान राजू को दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती करवाया गया था। बीते 41 दिन से वेंटिलेटर पर मौत से जंग लड़ रहे राजू श्रीवास्तव ने बुधवार को अपने प्राण त्याग दिए हैं। राजू श्रीवास्तव के मौत की खबर सामने आने के बाद से ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। हर कोई नम आंखों से राजू को श्रद्धांजलि दे रहा है। संचालन डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव, प्रो. बृजभानु सिंह, अजय सिंह, प्रो. ब्रम्हानन्द प्रताप सिंह, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. अनूप कुमार सिंह, रवि प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को सात वर्ष का कारावास

**प्रतापगढ़।** अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी सहवाजुद्दीन पवारपुर थाना मांधाता को दोषी पाते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास तथा दस हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास हेतु दिया जाएगा। वादी मुकदमा ने थानाध्यक्ष मांधाता को 29 जनवरी 2014 को इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी नाबालिक लड़की सात जनवरी 2014 को करीब छह बजे घर से शौच के लिए निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी ढूंढा पता नहीं चला। जानकारी हुई कि सहवाजुद्दीन उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, तथा कहीं छुपा कर रखा हुआ है। मैंने उसके घर वालों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि परेशान मत हो हम लोग ढूंढ लेंगे,लेकिन नहीं ढूंढा। एक दिन सहवाज ने उसके मोबाइल नंबर पर फोन करके धमकाया कि जो करना हो र लो।

# साहित्य में जनपद का गौरव बढ़ाने पर साहित्यकारों का हुआ सम्मान

## सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा आयोजित हुआ सम्मान समारोह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में सृजना कुटीर अजीतनगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा राजस्थान में जनपद के वरिष्ठ कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम को हिंदी साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

साहित्य मंडल श्रीनाथ द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार श्रीनाथ मौर्य सरस को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने कहा सार्थक साहित्य लेखन समाज के उन्नयन का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है और अच्छा साहित्य एवं साहित्यकार सदैव सम्मान प्राप्त करता है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम व श्रीनाथ




सम्मान समारोह मे मौजूद साहित्यकार व अतिथिगण।

मौर्य सरस ने जनपद और साहित्य दोनों का यशोन्नयन किया है।प्रतापगढ़ के साहित्य और साहित्यकारों की सदैव राष्ट्रीय फलक पर धाक बनी रही है।

विशिष्ट अतिथि आनंद मोहन ओझा ने कहा कि साहित्य समाज का वास्तविक शिल्पकार होता है। प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम एवं श्रीनाथ मौर्य सरस का राजस्थान में सम्मान जनपद के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। इस अवसर पर राकेश कनौजिया, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, मनोज, विवेक, सिद्धांत शेखर आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिये चलाएं जन जागरूकता अभियान : डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वृक्षारोपण की जियो टैगिंग कम होने पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के खिलाफ गहरा असन्तोष व्यक्त किया गया तथा उनको सचेत किया कि एक सप्ताह के अन्दर अपने समस्त जियो टैगिंग के कार्य पूर्ण करा लें।

जिला गंगा समिति की कार्ययोजना तैयार करने के लिये जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि डीएफओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपजिलाधिकारी कुण्डा, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर एवं कुण्डा के साथ समन्वय स्थापित कर आगामी बैठक में कार्ययोजना के साथ उपस्थित हो। गंगा ग्राम समिति से समन्वय स्थापित करते हुये गंगा की सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्य कराये जाये। डीएफओ ने अवगत कराया है कि जैविक कृषि को प्रोत्साहन देने हेतु कार्ययोजना बनायी जानी है, जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को गंगा के किनारे के 18 गांवों में जैविक कृषि की कार्ययोजना उन गांवों में गठित गंगा समिति के माध्यम से बनवाये जाने का निर्देश दिया। गंगा के किनारे यूकेलिप्टस, खैर एवं चिलबिल के पेड़ न लगाये जाये बल्कि उन गांवो में काष्ठिक प्रजाति के पौधों के वृक्षारोपण हेतु अभियान चलाने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। डीएफओ ने बताया कि सभी कार्ययोजनाओं की सूचना जीडीपीएमएस वेबसाइट पर प्रेषित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंगा किनारे के 18 गांवो में जल संरक्षण, सालिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु कार्ययोजना बनाने के लिये डीएफओ, उपजिलाधिकारी कुण्डा, ईओ मानिकपुर, ईओ कुण्डा, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी कुण्डा एवं कालाकांकर गंगा गांव में बैठक में सम्मिलित होकर मानक के अनुसार कार्ययोजना तैयार कराकर अगली बैठक में प्रस्तुत की जाये। गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वरूण सिंह, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेल्हा देवी धाम व मूर्ति विसर्जन स्थल पर नपा ने चलाया सफाई अभियान

## नपाध्यक्षा प्रेमलता व ईओ मुदित सिंह भी रहे शामिल, एडीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वच्छता लीग प्रथम फेज के तहत नगर पालिका की अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह के कुशल नेतृत्व में सार्वजनिक स्थल व धार्मिक स्थल पर विशेष सफाई अभियान कराया गया जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से मां बेल्हा देवी धाम व घाट गलियों से लेकर मूर्ति विसर्जन स्थल पर सघन सफाई अभियान चलाया गया। तत्पश्चात बेला देवी मंदिर गेट से सदर चैराहे तक रैली निकाली गई तथा कूड़ा स्थलों को चिन्हित करते हुए उसको साफ सफाई तथा लोगों को सफाई से संबंधित जानकारियां व प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए चेतावनी दिया गया।

लोगों को बताया गया कि पूरे को कूड़ेदान में डाला जाए। गीले कूड़े को हर डिब्बे में वास्तु के कूड़े को नीले डिब्बे में डाला जाए। प्रतापगढ़ ने यह ठाना है नगर पालिका को स्वच्छ बनाना है।



बेल्हा देवी में सफाई अभियान में भाग लेतीं नपाध्यक्षा प्रेमलता सिंह।

स्लोगन के साथ रैली निकाली गई। समस्त कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह द्वारा किया जा रहा था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह व सदर वार्ड की सभासद कुमकुम केसरवानी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक वरुण कुमार सिंह, रविंद्र केसरवानी सफाई नायक के पी सिंह, अनिल कुमार, राजेंद्र यादव, घनश्याम, राजू रामस्वरूप चंदन आदि कर्मचारी उपस्थिति रहे। स्वच्छता रैली जब बेल्हा देवी पहुंची तो वहां एडीएम भी निरीक्षण करने पहुंच गये थे। उन्होंने रैली तथा सफाई अभियान का जायजा लिया।



अमृत सरोवर तालाब में पौधरोपण करते होमगार्ड के जवान।

# अमृत सरोवर तालाब में होमगार्ड के जवानों ने किया पौधारोपण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पर्यावरण व हरा भरा व प्रदूषण मुक्त बनाये रखने के लिये बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पँचायत जनवामऊ के ग्राम प्रधान राम खेलावन पटेल ने गाव में बने हरनाम अमृत सरोवर तालाब में लगभग 125 फलदार गैर फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया जिसमें नीम, पाकड़, नींबू, बरगद, अर्जुन,जामुन आदि के पेड़ लगाए गए। जिसमे मुख्य रूप अतिथि के रूप में आये राजेश कुमार पाल(बी ओ) ने कहा कि जिस प्रकार हम लोग अपने परिवार के बच्चों को पालते पोषते है उसी प्रकार सभी को चाहिये कि गाव के सभी ब्यक्ति घर घर से एक वृक्ष का पौधा लगाए और उसकी देखरेख समय समय पर करता रहे जैसे हम लोग अपने बच्चे की परवरिश करते रहते है उसी तरह पौधे की परवरिश करते रहें, ताकि पर्यावरण दूषित न हो सकें। इस मौके पर एहसान अहमद(पीसी प्लाटून कमांडर) श्याम सुंदर पांडेय, भीम सिंह, सुनील मौर्य, राजेश मौर्या, अवधेश पांडेय, रामलखन मौर्य, इंद्रजीत मौर्य, हुबलाल पटेल, हीरालाल, सुभाषचंद्र, प्रेम प्रकाश, रामपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण पूर्ण कराये जाने को लेकर परशुराम सेना ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा स्वीकृत लोक निर्माण विभाग द्वारा जेल रोड से जगनीपुर तक कराए जा रहे चैड़ीकरण कार्य की लागत के मानक अनुरूप गुणवत्ता व समय पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने से संबंधित ज्ञापन सामाजिक संगठन राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा पीडब्ल्यूडी कार्यालय में निर्माण विभाग सहायक अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड संदीप तिवारी को सौंपा।

संगठन द्वारा सात सूत्रीय मांगों क्रमशः मानक अनुरूप कार्य मोड़ को चैड़ा किए जाने विद्युत पोल हटवाने पुलिया का चैड़ीकरण कराने

## निर्माण में अनियमिता से पनपा है आक्रोश



अधिषासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते परशुराम सेना के पदाधिकारी।

गिट्टी डामर आदि का मानक अनुसार मिश्रण किए जाने से संबंधित ज्ञापन देकर सभी बिंदुओं पर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अनिल स्वतंत्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता की सेवा सुविधा व सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। लोगों के लिए आवागमन आसान हो इसके लिए प्रदेश के सड़कों को गड्ढा मुक्त कर नवीनीकरण चैड़ीकरण का कार्य हो रहा है। गुणवत्ता पूर्ण कार्य के लिए सभी विभागों को निर्देशित भी किया गया है। उक्त मार्ग पर लोग प्रतापगढ़ से होकर जौनपुर को जाते हैं, इस पर आवागमन अधिक रहता है, भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है। सड़क निर्माण में अनियमितता होने से लोगो में आक्रोश बढ़ सकता है। ज्ञापन देते समय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला एडवोकेट, राजन मिश्रा एडवोकेट, महेंद्र मिश्र एडवोकेट, मनीष तिवारी, ओम तिवारी, विनय मिश्रा, सूरज पांडेय, राकेश दुबे, अंकुर शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डायट में टीएलएम निर्माण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ




कार्यशाला में मौजूद अतिथिगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डायट प्रतापगढ़ में आज तीन दिवसीय टी एल एम निर्माण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में सदर, मान्धाता, सांगीपुर एवं शिवगढ़ विकासखंड के नोडल शिक्षक संकुलों ने प्रतिभाग किया। बेसिक शिक्षा के छात्र-छात्राओं को प्रभावी एवं रुचिपूर्ण शिक्षण के लिए तथा उनमें आसानी से समझने की क्षमता विकसित करने के लिए टी एल एम का प्रयोग किया जाना है। टीएलएम के माध्यम से किस प्रकार शिक्षा दी जाए और कम लागत में उत्कृष्ट व बहुउद्देशीय टी एल एम का निर्माण किस प्रकार किया जाए इसके लिए विभिन्न चरणों में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आज डायट में चार विकास खंडों की कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें टी एल एम बनाने की कला सिखाई गई और प्रतिभागियों ने आकर्षक शिक्षण सामग्री बनाकर शिक्षण कौशल और रचनात्मकता का परिचय दिया। कार्यशाला में डायट प्रवक्ता अनूप कुमार यादव, एसआरजी चंद्रजीत एवं आशुतोष निर्मल संदर्भदाता एवं मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। डायट प्रवक्ता गर्विता ओझा, अमरेंद्र मिश्र, अनूप कुमार यादव, दुर्गेश सरोज आदि ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में प्राची पांडे, अनामिका पांडे, शिवम कुमार, संजीव सोनी, संतोष शर्मा, ज्ञान प्रकाश, मणि नाथ मिश्र, अतुल, विकास, विजेता, चंद्रेश शुक्ला, सुयश मिश्रा, राम जी ब्यास, सुशांत वरुण सहित विभिन्न विकास खंडों के नोडल शिक्षक संकुल शामिल हुए।

# देनदारों से पिंड छुड़ाने के लिए खुद मुंबई चला गया था गायब व्यापारी सूरज

## गायब व्यापारी की सूचना पर मिली राहत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज बाजार से गायब हुए स्टेशनरी व्यवसायी खुद नाटकीय ढंग से बुधवार को मुंबई से अपने मामा के घर पहुंच गया। पिछले पांच दिनों से गायब व्यापारी को लेकर हलाकान हुई लालगंज पुलिस ने भी गायब व्यापारी के सकुशल होने की सूचना पर राहत की सांस ली। गायब व्यापारी ने कई लोगों से लाखों रूपए कर्ज ले रखा था और देनदारों को रूपए वापसी को लेकर आज कल का महज भरोसा भी दिला रहा था। देनदारों के द्वारा रूपए वापसी को लेकर जब उसपर दबाव बढ़ा तब उसने बिना किसी को बताए घर छोड़ दिया।

लालगंज कोतवाली के भवराम बोझी निवासी स्व. राजू पांडेय के पुत्र ऋषभ पांडेय उर्फ सूरज ने लालगंज बाजार में स्टेशनरी की दुकान खोल रखी है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को वह दुकान से घर नही पहुंचा। इस पर परिजन परेशान हो उठे। दूसरे दिन शनिवार को सूरज के गायब होने की जानकारी बाजार में हुई तो व्यापारियों ने भी आक्रोशित होकर कोतवाली का घेराव किया। पुलिस ने गायब व्यापारी के भाई रीतेश की तहरीर पर मामले में गुमसुदगी दर्ज कर ली। सीओ प्रशिक्षणाधीन अमर नाथ गुप्ता और प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल की अगुवाई में एसपी सतपाल अंतिम ने खोजबीन के लिए टीम गठित की। पुलिस ने गायब सूरज का दोनो नंबर सर्विलांस पर लगवाया। उसके बैंक खाते की पुलिस ने पड़ताल की तो जानकारी मिली की उसने कई लोगों से कर्ज भी ले रखा है। पुलिस ने दूसरे दिन कर्जदारों को भी कोतवाली बुलवाया। इधर सूरज के मोबाइल के एक नंबर का लोकेशन सोमवार को मुंबई मिला। इसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचित किया और मुंबई में रह रहे सूरज के रिश्तेदारों से वहां तलाश करने को कहा। इधर बुधवार की सुबह गायब सूरज मुंबई से अपने मामा के घर सोरांव प्रयागराज पहुंच गया। पुलिस को सूरज ने अपने सकुशल लौटने की जानकारी दी। इस पर स्थानीय पुलिस ने उसे थाने बुलवाया है। सूत्रों के मुताबिक सूरज ने पुलिस को भी बताया कि देनदारों को लेकर दबाव के कारण वह मुंबई चला गया। इधर पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि सूरज के मुंबई में होने की सूचना उसके परिजनों को कब मिली और क्या परिजनों ने भी जान बूझकर पुलिस को सही सूचना सही समय पर नही दी। हालाकि सूरज के गायब होने के तीसरे दिन से ही बाजार में यह चर्चा होने लगी कि वह ज्यादा कर्जी होने के कारण अपनी मर्जी से ही कहीं चला गया है। सूरज के गुमसुदगी का भले ही पटाक्षेप हो गया किन्तु स्थानीय पुलिस दर्ज गुमसुदगी को लेकर कई बिन्दुओं पर अंदर ही अंदर छानबीन में जुटी हुई बताई जाती है।

## निजी स्कूल के शिक्षक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** होमवर्क नहीं करने से नाराज एक निजी स्कूल के शिक्षक ने कक्षा पांच की छात्रा की बेरहमी से पिटाई कर दी। दर्द से कराहते छात्रा घर पहुंची तो परिजन आक्रोशित हो उठे। परिजन छात्रा को लेकर थाने पहुंचे और दो शिक्षकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस छात्रा को सीएचसी ले गई। मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के जयचंदपुर के सोनी सोनकर की पुत्री लता सोनकर (11) कक्षा पांच की छात्रा है। वह अवसानगंज बाजार के कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ती है। सोमवार को वह होमवर्क नहीं कर सकी। मंगलवार को लता स्कूल पहुंची तो होमवर्क नहीं होने से शिक्षक आपे से बाहर हो गए। लता का कहना था कि उसकी तबीयत खराब होने से वह होमवर्क नहीं कर सकी।

## घोटालेबाज पीसीएफ का महाप्रबंधक संजीव गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पीसीएफ में तीन करोड़ से अधिक की डीएपी घोटाले के मुख्य आरोपी को प्रतापगढ़ पुलिस ने फरुखाबाद से गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि नगर कोतवाली में जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। संजीव महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस घोटालेबाज की तलाश कर रही थी। संजीव की गिरफ्तारी की सूचना नगर कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने दी।

**खबर संक्षेप**



## किस निर्दई मां ने जन्म लेते ही नवजात को फेंका, मौत

**कौशाम्बी।** माता को देवी का दूसरा रूप माना जाता है लोक लाज के भय से जन्म लेते ही नवजात को मौत के मुंह में धकेलने वाली एक मां की भी करतूत सामने आई है जनपद के सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली पुलिस चौकी अंतर्गत धर्मपुर गांव में बुधवार की सुबह एक नवजात शिशु का शव गांव के ही प्राथमिक विद्यालय के पास कूड़े के ढेर ने पड़ा देखा गया जिसकी मौत हो चुकी थी नवजात के शव को देखते ही ग्रामीणों द्वारा किसी के नाजायज संबंध के परिणाम की चर्चा बनी रही जिस मौके पर चौकी पुलिस पहुंच कर नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ओवरलोड वाहनों एवं पॉसरों के विरूद्ध हो सख्त कार्यवाही : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गत बैठक में दिये गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के दौरान यातायात निरीक्षक ने बताया कि जनपद में 16 ब्लैक स्पॉट चिन्हित हुए हैं जिनमें से 13 ब्लैक स्पॉटों पर स्पीड ब्रेकर आदि बनाने की कार्यवाही हो गई है तथा 03 ब्लैक स्पॉट-पुलिस लाइन गेट नं0-3, मखऊपुर चौराहा (थाना पश्चिम शरीरा) एवं ककोढ़ा में स्पीड ब्रेकर आदि बनाया जाना शेष है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को पुलिस लाइन गेट नं0-3 पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिये बैठक में अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड ने बताया कि ब्लैक स्पॉट ककोढ़ा में रम्बर स्ट्रीप बनाया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर को संयुक्त रूप से ब्लैक स्पॉट ककोढ़ा का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिये इसके साथ ही उन्होंने चिह्नित ब्लैक स्पाट चम्पहा (थाना पश्चिम शरीरा) में टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिये। बैठक में ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने बताया कि बैरागीपुर में भी स्पीड ब्रेकर बनाये जाने की आवश्यकता है, जिससे दुर्घटना न हो सकें, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड को निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने ट्रैफिक इंस्पेक्टर से कहा कि जनपद में कोई और ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया जाय तो इसकी सूचना अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को अवश्य दिया जाय, जिससे तत्काल ही आवश्यक कार्यवाही हो सकें जिलाधिकारी ने बिना हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को स्कूल कस्बा आदि स्थानों के पहले गति सीमा बोर्ड लगाने के निर्देश दिये उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा के दौरान कहा कि ओवरलोड वाहनों एवं पॉसरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय। बैठक में एआरटीओ ने बताया कि जनपद में कुल 110 स्कूली वाहन बिना फिटनेस जॉच के चल रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने बिना फिटनेस जॉच के संचालित हो रहे स्कूली वाहनों को पकड़कर जब्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों द्वारा बिना फिटनेस जॉच के स्कूली वाहन संचालित किये जा रहें है, उन विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की कार्यवाही की जाय। उन्होंने नशे में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की समीक्षा के दौरान कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध विशेष रूप से रात्रि में अभियान चलाकर कार्यवाही किया जाय उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को गोल्डेन ऑवर (दुर्घटना के एक घण्टे के अन्दर) में अस्पताल पहुँचाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) को सम्मानित करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि अनाधिकृत रूप से मोडिफाइड कर वाहन संचालित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं एआरटीओ से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि चिन्हित स्टैण्ड स्थल पर ही वाहन खड़े किये जाय बैठक में पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



यातायात बैठक को संबोधित करते डीएम

**बिना हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश तथा बिना फिटनेस जॉच के संचालित स्कूली वाहनों को पकड़कर जब्त करने के भी दिये निर्देश**

# सरल हृदय राष्ट्र के लिए कठोर निर्णय लेने वाले पीएम हैं मोदी जी : महेश चन्द्र श्रीवास्तव

### मूरतगंज में आयोजित हुआ मोदी 20 यूथ सेमिनार सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे यूथ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** देश का युवा देश का भविष्य होता है ऐसे में देश के युवाओं के लिए रोजगार परक शिक्षा और देश का माहौल व्यवसाय के लिए अनुकूल करना किसी भी सरकार के लिए सबसे कठिन चुनौती होती है। इस सामंजस्य को साधने में हमारे देश के प्रधानमंत्री सफल रहे हैं। उन्हें अपने सरल हृदय और राष्ट्र हित में कठोर निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री के रूप में पहचान मिली है। देश के युवाओं को उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने विश्वनाथ डिग्री कॉलेज मूरतगंज मेला बाग में आयोजित कार्यक्रम मोदी 20 यूथ सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी रही। इस मौके पर उन्होंने मौजूद बड़ी संख्या में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मजबूत राष्ट्र की पहली पहचान वहां के युवा होते हैं। संस्कारी व राष्ट्रभक्त युवाओं से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इसलिए देश की शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे राष्ट्र के प्रति समर्पित युवा निकल सके जिन्हें अपने देश के गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत का भी भान हो। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कठिन जीवन को युवाओं के लिए एक प्रेरणा का विषय बताया। इस मौके पर उन्होंने मोदी के जीवन चरित्र बचपन से लेकर प्रजातांत्रिक प्रशासक के रूप में उनके कार्यों को युवाओं के सामने रखा। इस मौके पर उन्होंने मोदी जी के द्वारा राष्ट्र के लिए लिए गए मजबूत निर्णय जैसे धारा 370, कश्मीर को केंद्र शासित राज्य बनाना, ट्रिपल तलाक जैसे सामाजिक मुद्दों की चर्चा किया। वक्ता के रूप में संजय कुमार दिवाकर रहे। कार्यक्रम संयोजक राकेश पांडेय, पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता, लाल बहादुर, शीतला प्रसाद पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा देवी, यशपाल केसरी, अजय त्रिपाठी, संजय जयसवाल, चक्रेश मिश्रा, कविता केसरवानी मनोज कुमार शुक्ला, राममिलन चौधरी, दिलीप अग्रहरि, भास्कर, डॉक्टर गुलाब, सुधीर मिश्रा, विद्यालय के प्रबंधक हरी ओम केसरवानी एवं उमेश केसरवानी उर्फ लाला जी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान दिया।





मोदी सेमिनार में बोलते क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव तथा सेमिनार में उपस्थित लोग

# चौकी इंचार्ज के संरक्षण में पल रहे दबंगों ने चौकी के भीतर पीड़ित पर की गालियों की बौछार

**अराजकता की वीडियो बनाए जाने पर उत्तेजित हुए चौकी इंचार्ज चायल पीड़ित को गाली गलौज कर डिलीट कराया वीडियो, अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस अधीक्षक से चौकी इंचार्ज चायल के कारनामे की शिकायत की जांच करेंगे कोतवाल**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार की पुलिस इस कदर से बेलगाम हो गई है कि अब आम जनता पुलिस चौकी के भीतर भी सुरक्षित नहीं रह गई है सिस्टम के तहत काम करने वाले चौकी इंचार्ज दबंगों का हौसला अफजाई कर गरीब कमजोर मजलूम की आवाज दबाने का ठेका ले रहे हैं चौकी के अंदर कई सिपाहियों की मौजूदगी में दबंगों ने पीड़ितों को पर गालियों की बौछार लगा दी समझौते के नाम पर पीड़ितों को चौकी पुलिस ने पुलिस चौकी में बुलाया था लेकिन पुलिस चौकी पहुंचे पीड़ित पुलिस चौकी में सुरक्षित नहीं रहे और चौकी के भीतर पीड़ितों को तहरीर वापस लेने का दबंग दबाव बनाने लगे चौकी के अंदर दबंगों की अराजकता पर चौकी इंचार्ज और सिपाही तमाशबीन बनकर तमाशा देखते रहे मनबढ़ दबंगों ने चौकी के भीतर जमकर पीड़ितों के साथ गाली गलौज की दबंगों के गाली गलौज का वीडियो बनाए जाने लगा यह बात चौकी इंचार्ज चायल को खराब लगी और चौकी इंचार्ज ने वीडियो बना रहे व्यक्ति को बुलाकर उस पर दबाव बनाया और जबरिया उसके मोबाइल का पासवर्ड पूछ कर अराजकता की वीडियो को चौकी इंचार्ज ने डिलीट करा दिया आखिर चौकी के भीतर गाली गलौज करने वाले दबंगों से चौकी इंचार्ज के क्या रिश्ते हैं यह जांच का विषय है वीडियो डिलीट कराए जाने के बाद मामले की शिकायत पीड़ित ने अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस अधीक्षक से की है जिस पर पुलिस अधीक्षक ने चौकी इंचार्ज चायल के कर्णवमे की जांच कोतवाल को सौपी है चौकी के भीतर अराजकता करने वाले दबंगों को संरक्षण देने वाले चौकी इंचार्ज चायल के कारनामे की निष्पक्ष जांच हुई तो चौकी इंचार्ज चायल पर गाज गिरना तय है।

# अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किए बगैर पात्र छात्र छात्राओं का करें आवेदन : सीडीओ

**कौशाम्बी।** पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना वर्ष 2022-23 से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर कार्यवाही के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन में बैठक सम्पन्न हुई बैठक में उपस्थित जनपद के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं के संस्थाध्यक्षों/प्रतिनिधियों को अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा पूर्वदशम कक्षाओं से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को आवेदन हेतु तिथि 07 अक्टूबर 2022 एवं दशमोत्तर कक्षाओं हेतु तिथि 07 नवंबर 2022 की अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है। इसी प्रकार शिक्षण संस्थाओं को उक्त आवेदन पत्रो पर कार्यवाही हेतु अन्तिम तिथि क्रमशः 20 अक्टूबर 2022 एवं 15 नवम्बर 2022 निर्धारित है जैसा कि गत वर्षो में देखा गया है कि अन्तिम तिथि में आवेदन करने पर बेबसाइड पर लोड होने के कारण सही से कार्य नही करती है, अतः सभी संस्थाध्यक्षों से अपेक्षा है कि अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बगैर पात्र छात्र/छात्राओं का आवेदन कराते हुये अपने स्तर से अपेक्षित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि शासन की मंशानुसार पात्र छात्र/छात्राओं का आवेदन अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी संस्था को छात्रवृत्ति आवेदन के सम्बन्ध में कोई कठिनाई हो रही हो तो जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से ससमय उसका निस्तारण भी कराना सुनिश्चित करें उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके चौरसिया जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार, डायट प्राचार्य अनिल कुमार के साथ-साथ जनपद के 115 शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## छत ढहने से बुजुर्ग दबा घायल

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत देवाना गांव निवासी योगेंद्र सिंह उम्र 55 पुत्र जगदीश सिंह बुधवार सुबह 5:00 बजे अपने जानवरों को चारा पानी के लिए पशु बाड़ा गए थे अचानक बारिश के चलते ऊपर की छत उनके ऊपर भर भरा कर गिर गई जिसमें जानवर समेत योगेंद्र दब गए चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जा पहुंचे और मलबे में दबे योगेंद्र को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिया बुरी तरह से घायल योगेंद्र को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां योगेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है खबर लिखे जाने तक कोई भी सरकारी नुमाइंदा मौके पर नहीं पहुंचा है।

## पाक्सो एक्ट की वांछित गवाह महिला गिरफ्तार

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित साक्षी महिला रामकली उर्फ रेखा पत्नी सुरेश पटेल निवासी शीतलपुर को कोखराज के शहजादपुर चौकी प्रभारी सुमित आनंद ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया की महिला बाद संख्या 28 / 2020 धारा 8 से सबंधित मुकदमे में साक्षी है। जिसे कोर्ट ने वांछित किया है।

# नगर पंचायत अझुवा में समस्याओं का अंबार, टेंडर हो रहे खम्भा हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइट

**अखंड भारत संदेश**

**पीने का पानी,जल निकासी की विकट समस्या किंतु 2 करोड़ के टेंडर हुए स्ट्रीट लाइट हाईमास्ट, एलईडी लाइट, जिम्मेदार 45 से 50 फीसदी कमीशन लेकर होना चाहते मालामाल**

**अझुवा कौशाम्बी।** सरकार सर्वांगीड़ विकास हेतु नगर पंचायतों को राज्यवित्त सहित तमाम अनुदान देकर विकास के लिए पक्षधर है किंतु जिम्मेदार ऐसी चाल चलते हैं कि बड़ी जल्दी माला माल हो जाएं ।बात करते हैं नगर पंचायत अझुवा की सांसद, विधायक और नगर वासियों की मांग पर शासन ने 21 जून 2021 को नगर पंचायत अझुवा को पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत में शामिल कर 3 करोड़ का भारी भरकम बजट अवमुक्त किया भ्रस्टाचार की तमाम शिकायतों पर शासन ने 25 जून 2021 को भ्रस्टाचार की दर्जनों फाइलों को सील कर जांच बिठा दी ।इस दैरान नगर पंचायत का विकास रूपी पहिया थम गया जो अनवरत जारी है नगर पंचायत भ्रस्टाचारियो का अड्डा बन गयी है ।नगर के एक कर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया नगर पंचायत के जिम्मेदार और बड़का ठेकेदार की संलिप्तता से 30 सितंबर 2022 को हाईमास्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट पोल का 2 करोड़ के भारी भरकम धन से टेंडर किया जाना है सूत्र ने बताया नगर में हर छोटे बड़े निर्माण कार्य के लिए कम से कम 30 दिन के लिए टेंडर खोले जाते हैं किंतु भ्रस्टाचारी ठेकेदार और नगर के जिम्मेदार मंडली मात्र 10 दिन में टेंडर निपटवाने में जोर शोर से जुटे हैं जिसमे पूर्ण रूप से सफल होते दिखाई दे रहे हैं। वहीं नगर पंचायत वाशिंदों के अनुसार नगर में पानी पीने ,जल निकासी,विध्वंश नाले नालियों सहित मूलभूत सुविधाओं की दरकार है नगर वासियों ने आरोप लगाते हुए कहा प्रति वर्ष राज्य वित्त से कई लाख रुपये निर्गत होते हैं जिसका नगर पंचायत के जिम्मेदार बंदरबांट कर माला माल हो गए ।मूल भूत सुविधाओं सहित नगर पंचायत अझुवा के 4 मुहल्ले अजमत पुर,रसूलपुर मढ़ीयामई मौलाना आजाद नगर में पानी की किल्लत बनी है बीज का पुरवा में लगभग 35 घर हैं यहां 2 हैंडपम्प हैं जिसमे केवल एक ही हैंडपम्प पानी उगलता है, वार्ड नं 2 अम्बेडकर नगर दलित बस्ती में जल जमाव की विकराल समस्या है,वार्ड नं नम्बर 12 नयानगर में जल निकासी की समस्या से आम जनजीवन दूभर है जल जमाव की समस्या कुछ वार्डों को छोड़कर हर वार्ड में हैं इस सम्बंध में मुख्यमंत्री पोर्टल सहित सम्बंधित जिम्मेदारों के पास शिकायत सहित समय समय पर सम्मानित अखबारों में खबर भी छपती है,पर नगर पंचायत जिम्मेदार मंडली स्ट्रीट लाइट ,हाईमास्ट,एलईडी स्ट्रीट ,लाइट पोल का कार्य करवा रहे हैं जिसमे 45 से 50* फीसदी का मोटा कमीशन खाकर माला माल हो रहे । नगर वासियों ने भ्रस्टाचार में आतुर नगर के जिम्मेदारों पर लगाम लगाने का अनुरोध डीएम से कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की अपील की है ।सरकार ध्यान देगी या नगर पंचायत के जिम्मेदार अपने मंसूबो मे कामयाब होते रहेंगे।

# नहीं बर्दाश्त किया जाएगा किसानों का शोषण : रामअभिलाष

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक बैठक जिला पंचायत परिसर में बुधवार को संपन्न हुई जिसमें सैकड़ों किसान मौजूद रहे किसान यूनियन की बैठक में मुख्य अतिथि राम अभिलाष ने कहा कि किसानों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसानों के अधिकारों को लेकर हमेशा संघर्ष किया गया है और आगे भी किसानों के अधिकारों को लेकर संघर्ष किया जाएगा बैठक के दौरान तमाम किसानों ने समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की है जिस पर किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। बैठक में किसानों ने बताया कि भूमि विकास बैंक इलाहाबाद से संचालित हो रहा है किसान नेताओं ने कहा कि अपने जिले से बैंक संचालित किया जाए किसान नेताओं ने कहा कि यमुना नदी में बाढ़ से प्रभावित हुए किसानों के खेतों की फसल बर्बाद हो गई है जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई है उसकी भरपाई मुआवजा के रूप में सरकार तत्काल करें वरना किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए किसान यूनियन नेता सड़क पर धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे किसान नेताओं ने कहा कि महेवाघाट उमरावा जमुनापुर बैरमपुर भगत का पूरा डूडी आदि गांव क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं आवारा पशुओं पर रोकथाम लगाई जाए और आवारा पशुओं पर नियंत्रण न लगाने वाले जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही की जाए इस दौरान किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चंदू तिवारी सहित तमाम किसान नेता मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते किसान यूनियन नेता

# जलजमाव से निकली गंदगी से नगरवासी परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**नगर वासियों ने बताया बात बात पर उत्तेजित होकर सिर पीटने लगती हैं अधिशाषी अधिकारी करारी**

करारी कौशांबी नगर पंचायत करारी के चमन गंज गढ़ाई पर मोहल्ले में रास्ते मे इंटरलॉकिंग लगाया गया है जिसके बगल में नाला बना हुआ है नाले में बराबर जलजमाव रहता है आवास क्षेत्र में इंटरलॉकिंग से घरो के बीच में काफी जगह ठेकेदारों ने छोड़ दिया है जिससे लोगों को अपने घर से निकलकर इंटरलॉकिंग तक पहुंचने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है नाला खुला बनाया गया है जिसके ढक्कन नहीं लगाए गए हैं जिससे छोटे-छोटे बच्चे नाले में गिरकर घायल हो रहे हैं आखिर किस उद्देश्य से नगर पंचायत की इंटरलॉकिंग का कार्य अधिकारियों ने कराया है आखिर किस इंजीनियर में इंटरलॉकिंग की योजना पर संस्तुति की है इससे अच्छे कार्य तो अनपढ़ जाहिल गवार लोगों के द्वारा कराए जाते हैं लेकिन पढ़े-लिखे लोगों द्वारा कराया गया कार्य उनकी अज्ञानता अशिक्षा और जाहिलता को प्रदर्शित कर रहा है चमनगंज मोहल्ले के सभासद का आरोप है कि मैडम उनसे नफरत करती हैं और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं चमनगंज के लोगों ने बताया कि मैडम से जब समस्या के समाधान की मांग की जाती है तो मैडम आग बबूला हो जाती हैं और अपना सिर पीटने लगती हैं आखिर चमनगंज मोहल्ले वालों से मैडम को इतनी नफरत क्यों चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर पंचायत करारी के द्वारा कराए गए जा रहे कार्यों में लापरवाही के चलते आम जनता परेशान है नाले के पानी में दुर्गंध उठती है और बारिश के दिनों में यह नाला उफान करके नाले का गंदा पानी नगर के लोगों के घरों में घुस जाता है जिससे लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है नगर क्षेत्र में विकास के नाम पर 4 वर्षों में छह करोड़ की रकम खर्च किए जाने के बाद भी नगर की दुर्दशा कम नहीं हुई है सबाना पत्नी सगीर अहमद चित्तन्निसा पत्नी सिद्दीक अहमद जुबैदा खातून पत्नी स्व मदनीस गुड्डू पुत्र सगीर अहमद आदि निवासी चमनगंज गड़ाई पर के लोगो ने अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन के प्रतिनिधि पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को सुन कर निस्तारित करने के बजाय मानसिक दिवालियापन की तरह अधिशासी अधिकारी अपना सिर पीटने लगते हैं।



नगर पंचायत में जलजमाव का दृश्य

## न्यूज झरोखा

### हरियाणा के पहलवान को पराजित कर मेरठ के साकिर पहलवान बने अखाड़ा चैंपियन



**कौशाम्बी।** चायल तहसील के बसुहार गांव मे हो रहे दो दिवसीय दंगल के दूसरे एवं अन्तिम दिन बाहर से आए हुए पहलवानों के बीच बारिश होने के बावजूद भी अच्छी व रोचक कुश्तियां लडी गयी कुश्ती मे पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदी पहलवान को चित कर विजय प्राप्त की है दंगल के दूसरे दिन मंगलवार को होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में तीन स्तर पर चैंपियन रखा गया था अखाड़ा चैंपियन तहसील चैंपियन जिला चैंपियन कि श्रेणी बनाई गई थी जिसमें मेरठ से आए हुए साकिर पहलवान ने अपने प्रतिद्वंदी हरियाणा से आए हुए श्यामल पहलवान को परास्त कर अखाड़ा चैंपियन होने का इनाम जीता है वहीं पर तहसील चैंपियन का भी मेरठ के साकिर ने सुनील इलाहाबाद को परास्त कर तहसील चैंपियन का भी इनाम जीत कर अपने नाम किया है जिला चैंपियन का इनाम कौशांबी के सुजातपुर बमरौली निवासी रामकिशन तिवारी ने अपने प्रतिद्वंदी शिवा बाबू इलाहाबाद को परास्त कर जिला चैंपियन का इनाम हासिल किया है।

### प्रशिक्षण में सीखी गई बातें विद्यालय में करें प्रयोग : स्वेता



**कौशाम्बी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कौशांबी में आयोजित भाषा कौशल एवम् संख्यात्मक ज्ञान से सम्बन्धित चार दिवसीय प्रशिक्षण में डॉ0 स्वेता कुमारी जिला स्तरीय संदर्भदाता ने उपस्थित होकर के अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन किया। उन्होंने प्रशिक्षण में सीखी गई बातों/तथ्यों को विद्यालय में प्रयोग करने हेतु प्रेरित भी किया ।डायट मेंटर कौशांबी धीरज कुमार ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में उक्त प्रशिक्षण की भूमिका महत्त्वपूर्ण है उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित लोगों से कहा कि आप लोग पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लेकर,इससे सम्बन्धित एवम् अन्य शैक्षिक गतिविधियां विद्यालयो में अनिवार्य रूप से क्रियान्वित करें,जिससे जनपद कौशांबी निपुण जिला बन सकें। डॉ देवेश सिंह यादव ने बताया कि सभी शिक्षक उत्तर प्रदेश शासन की नीतियों, कार्यक्रमो का संचालन स्कूलों में अवश्य करें। अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी कौशांबी बृजेश सिंह ने डायट टीम का धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी शिक्षक इस प्रशिक्षण से संबंधित समय सारणी के अनुसार 22 साप्ताहिक कार्य योजना क्रियान्वयन स्कूलों में अवश्य करें। इस दौरान संदर्भदाता राम सिंह, लवकुश कुमार,सुधाशु, अवनीश सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहें।

### अषाढा में साफ सफाई कराकर किए गए पौधरोपण




**कौशांबी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अषाढा में स्वच्छता अभियान सेवा पखवाड़े के तहत पौधरोपण किए गए हैं सफाई कर्मियों को लगाकर अमृत सरोवर की साफ सफाई कराई गई है सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान में अमृत सरोवर अषाढा में दिलीप कुमार अग्रहरी मंडल उपाध्यक्ष भाजपा सेक्टर संयोजक राजेश लोधी एवं विपिन गुप्ता अध्यक्ष ग्राम प्रधान अषाढा रामबाबू सिंह पंचायत सचिव धनंजय यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### कोखराज थाना मे हुई पीस कमेटी की मीटिंग



**कौशाम्बी।** कौशांबी कोखराज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी बैठक को हर्रायपुर चौकी इंचार्ज राकेश राय ने आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहारों के तौर पर जानकारी देते हुए त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कहा चौकी इंचार्ज ने कहा कि सड़क के किनारे व नये स्थानों पर प्रतिमा रखने की कोई भी छुट नहीं होगी यदि किसी ने कानून का उलाघन्न किया तो कार्यवाही होगी। त्योहारों को शांति पूर्वक संपन्न कराने की पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है बैठक में आये गणमान्य लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की।बैठक में आये ग्राम प्रधानों से त्योहार को देखते हुए गांवों में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने हेतु निर्देश दिए दुर्गा पूजा दशहरा के उपलक्ष्य में पुलिस ने बैठक की और जनता को भी सावधानी बरतने को कहा है पीस कमेटी की बैठक में पुलिस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गंगा नदी में कोई भी मुर्ति विसर्जित नही होगी यदि किसी ने गंगा नदी में मुर्ति विसर्जित किया तो उसके खिलाफ मुकदमा लिख कर कार्यवाही की जायेगी।

### अकूत संपत्ति का धनी कर्मी पुलिस के नाम का कर रहा उपयोग




**कौशांबी।** मंझनपुर विकासखंड में तैनात एक कर्मी कुछ समय में ही भ्रष्टाचार की काली कमाई से मालामाल हो गया है इन दिनों उक्त कर्मी लग्जरी वाहन से प्रतिदिन मंझनपुर विकास खंड कार्यालय पहुंचता है पूरे दिन कार्यालय परिसर में उक्त कर्मी का लग्जरी वाहन खड़ा रहता है इतना ही नहीं कर्मचारी ने अपने वाहन में उत्तर प्रदेश पुलिस लिखवा लिया है आखिर विकासखंड के कर्मचारी को अपने वाहन में उत्तर प्रदेश पुलिस लिखवाने का क्या अधिकार है लेकिन विकास भवन के कर्मचारी के वाहन में उत्तर प्रदेश पुलिस लिखे जाने के बाद अभी तक उसका वाहन पुलिस ने सीज नहीं किया है गलत तरीके से पुलिस के नाम का उपयोग करने वाले ब्लाक कर्मी पर मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है सूत्रों की मानें तो कुछ समय में उक्त कर्मी काली कमाई से करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन चुका है अकूत संपत्ति के धनी ब्लॉक कर्मी के कारनामे की ओर पंचायत विभाग और विकास भवन के बड़े अधिकारियों ने भी कारनामे को संज्ञान लेकर उसके काली कमाई की जांच नहीं कराई है काली कमाई से मालामाल वे कर्मचारी के कारनामों की जांच हुई तो बड़ा खुलासा होना तय है।

### बुजुर्गों को फल मिष्ठान वितरित कर मनाया कांग्रेस नेता का जन्मदिन



**कौशांबी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा के जन्मदिन पर जिले के कांग्रेसियों ने वृद्ध जन आश्रम ओसा में मिष्ठान फल वितरित कर उनका जन्मदिन मनाते हुए उनके स्वस्थ एवं लंबी आयु की कामना प्रभु से की है कांग्रेस पार्टी के मानवाधिकार के प्रदेश महासचिव जितेंद्र शर्मा अपने तमाम साथियों के साथ वृद्धजन आश्रम ओसा पहुंचे और वहां पर वृद्धजनों को मिष्ठान फल का वितरण किया है राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा के जन्मदिन के अवसर पर उनके व्यक्तित्व कृतित्व की चर्चा करते हुए जितेंद्र शर्मा ने कहा कि देश के प्रख्यात कानूनविद भी तंखा है जितेंद्र शर्मा ने कहा कि राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा उनके राजनैतिक गुरु हैं इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ज्ञान सिंह लोधी सहित तमाम कांग्रेसी नेता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़े में साफ-सफाई एवं किया गया पौधारोपण

**कौशाम्बी।** स्वच्छता अभियान एवम सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के कई ग्राम पंचायतों में साफ सफाई और पौधारोपण किया गया है सेवा पखवाड़े के अंतर्गत फैजुल्लापुर कनैली मोयहर अतर सुइयां अवाना आलमपुर के अमृत सरोवर तालाबों पर अभियान चलाकर साफ सफाई वा बृक्षा रोपण कराया गया फैजुल्लापुर के अमृत सरोवर में ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप चौहान वा ग्राम रोजगार सेवक मनोज मिश्र के साथ होमगार्ड सहायक कंपनी कमांडर विंदू शेखर द्विवेदी कंपनी नंबर 2 कनैली की टीम ने अमृत सरोवर पर वृक्षा रोपण किया वृक्षारोपण में ओम प्रकाश शिव बाबू कुशवाहा अलख पुरुष गरुण प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

संपादकीय

## यात्रा ने राहुल की अहमियत और ताकत दिखाई

**यह** परिवर्तन की यात्रा है। कांग्रेसियों की समझ में तो आ गई। मगर राहुल की समझ में आई कि नहीं कि यात्रा तो यात्रा है। कोई मंजिल नहीं। मंजिल तो जनता की खुशहाली, देश की मजबूती ही है। और उसके लिए सत्ता के दो केन्द्रों से बचना होगा। 2011- 12 में अन्ना के आंदोलन का मुकाबला नहीं कर पाने का सबसे बड़ा कारण यही था। उसी नेता ने कहा था, जिसने कहा शेर का डर नहीं चूहों का डर कि सत्ता के दो केन्द्र नुकसान पहुंचा रहे हैं। कांग्रेसियों अब राहुल को माइनस करके देखो? कहीं दिखेगी कांग्रेस? आठ साल से वे यह नहीं समझ सके कि उनकी असली ताकत कौन है। हर क्षत्रप खुद को कांग्रेस समझने लगा। 2014 में हार उन्हीं की वजह से हुई थी। सोनिया ने तो पूरी सरकार उन्हीं लोगों को सौंप रखी थी। मगर वे खाने कमाने में ऐसे मस्त हुए कि उन्हें कांग्रेस की चिन्ता ही नहीं रही। सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बार-बार कहती थीं कि जनता के बीच जाओ, कार्यकताओं से मिलो मगर कोई नहीं सुनता था या अपनी मनचाही काल्पनिक आवाज सुन लेते थे। प्रणव मुखर्जी ने सुना नागपुर जाओ। और वे संघ के मुख्यालय में पहुंच गए। 2004, 2009 दोनों बार सोनिया गांधी सरकार लाईं। दोनों बार इनको सौंपी। मगर इन्होंने न सोनिया की कद्र की और न ही सरकार ठीक से चलाने की चिन्ता। अगर सोनिया मनरेगा, किसान कर्ज माफी नहीं लातीं तो 2009 में भी वापसी संभव नहीं थी। और यह कोई ज्यादा छुपी हुई बात नहीं है कि मनरेगा और किसान कर्ज माफी का कांग्रेस के सारे बड़े नेताओं ने विरोध किया। ज्यादातर कांग्रेसी नेता गरीब के वोट तो पाना चाहते हैं, मगर उनके हित में कुछ भी करना नहीं चाहते। वे सोच के स्तर पर यथास्थितिवादी हैं। भाजपा की तरह गरीब के शोषण को उसकी नियति मानने वाले। बस फर्क यह है कि भाजपा पार्टी के स्तर पर यह बात मानती है और कांग्रेस पार्टी स्तर पर नहीं। मगर उसके अधिकांश नेता गरीब विरोधी हैं। कांग्रेस पार्टी स्तर पर जो भाजपा से भिन्न है उसका सबसे बड़ा कारण यह गांधी नेहरू परिवार ही है जो विचार के स्तर पर बहुत ही दृढ़ है। गरीब, मेहनतकश, कमजोर समर्थक। उसे सहारा देकर, मदद करके आगे बढ़ाने का जज्बा रखने वाला। इसीलिए कांग्रेस के नेताओं की जो कुंठा होती है वह अपने इसी गांधी नेहरू परिवार के नेतृत्व के खिलाफ। मगर वोट वही लाते हैं। जनता उन्हीं के साथ जुड़ती है। अभी राहुल की यात्रा में सब हैरानी से देख ही रहे हैं। कुछ सुखद आश्चर्य से कुछ दुखद आश्चर्य से या सदमे में। इसलिए जब कांग्रेस सत्ता में होती है तो सब कांग्रेसी चुप रहते हैं। मगर जैसे ही वक्त पलटता है। वे सारा दोष परिवार पर रखने लगते हैं। अगर मौका मिलता है तो खिसकने भी लगते हैं। डिपेंड करता है कि सामने वाले से क्या आफर मिलता है या बचाने के लिए, जो ज्यादा कमाया होता है उसे बचाने के लिए चले जाते हैं। गुलाम नबी आजाद, कैप्टन अमरिन्दर सिंह ताजा उदाहरण हैं। दोनों कुछ पाने की उम्मीद और जो है उसे बचाने के लिए कांग्रेस छोड़ गए। और भी बहुत हैं जो जाने को तैयार बैठे हैं। मगर अभी बुलावा नहीं आ रहा। कांग्रेसियों का यह पुराना चरित्र है। 1977 में हारने के बाद जगजीवन राम और हेमवती नंदन बहुगुणा भाग गए। मजेदार यह है कि उसके बाद भी कांग्रेस नेतृत्व ने इनकी लड़कियों, लड़के को आगे बढ़ाया। मगर इन्होंने भी धोखा दिया। जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने भी कांग्रेस छोड़ी थी और बहुगुणा की बेटी रीता और बेटा विजय बहुगुणा तो अभी भी कांग्रेस के खिलाफ हैं। तो ये सब कांग्रेसी जो सोनिया को डरा कर अपनी कुर्सी मजबूत करते रहे आखिरकार राहुल को नहीं डरा पाए।

## क्या भारत में टिक पाएंगे चीते?

**नामीबिया** से मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क पहुंचे आठ चीते फिलहाल एक ग्रिल फेंसिंग के भीतर हैं। पांच मादा और तीन नर चीते अगले कुछ हफ्ते नए देश की आबोहवा और प्रकृति को समझने में बिताएंगे। करीब एक महीने के क्वारंटाइन के दौरान यह भी देखा जाएगा कि उनमें कोई ऐसा परजीवी तो नहीं है जो भारतीय वन्यजीवों पर असर डाल सकता है। इसके बाद धीरे धीरे उन्हें बड़े संरक्षित इलाके में छोड़ा जाएगा। दुनिया में किसी बड़े मांसाहारी जीव को दूसरे महाद्वीप में बसाने की यह पहली कोशिश है। प्रयोग सफल रहा तो आने वाले वर्षों में दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी इस तरह की कोशिशें दिखाई पड़ेंगी।

**भारत से कैसे लुप्त हुए चीते**

19वीं शताब्दी से पहले तक भारत समेत एशिया में चीते अच्छी खासी संख्या में थे. चीतों की उस प्रजाति को एशियाई चीता कहा जाता था। आज यह सिर्फ ईरान में बचे है। ज्यादातर देशों में शिकार के लिए चीतों को कैद करने और उनका शिकार करने के कारण एशिया के ज्यादातर देशों से चीते लुप्त हो गए। भारत में 1947 में कोरिया (सरगुजा) के राजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने आखिरी तीन का शिकार किया। इसके पांच साल बाद 1952 में भारत में एशियाई चीतों को आधिकारिक रूप से लुप्त घोषित कर दिया। अब 70 साल बाद चीते भारत लाये गये हैं, लेकिन ये अफ्रीकी चीते हैं। बीते पांच दशकों में भारत के कुछ वन्य अधिकारियों ने ईरान से एशियाई चीते लाने की बहुत कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद ही दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से चीते लाने की पहल की गयी।

**कैसे हुए चीतों की भारत वापसी**

2008-09 में मनमोहन सिंह सरकार में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री रहे जयराम रमेश ने भारत में चीतों के इतिहास को लेकर कुछ किताबें पढ़ीं। फिर रमेश ने उन किताबों को लिखने वाले अधिकारियों से बात की. इसके बाद कई देशों में चीतों के संरक्षण से जुड़ी संस्था चीता कंजर्वेशन फंड से बातचीत की। इस बातचीत से पहले ही भारत के फॉरेस्ट अधिकारी चीतों के लिए 10 जगहों का सर्वे कर चुके थे। 2009 में नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका, सोमालिया और ईरान में चीतों के संरक्षण से जुड़ी डॉक्टर लॉरी मार्कर को कूनो नेशनल पार्क देखने का न्योता दिया गया। डॉ. मार्कर चीता कंजर्वेशनल फंड की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर हैं।

# राजस्थान में कितना सफल होगा तीसरा मोर्चा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में विधानसभा के चुनाव होने में अभी एक साल से अधिक का समय बाकी है। मगर चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। राजस्थान में मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होता रहा है, क्योंकि यहां तीसरा मोर्चा नहीं बन पाया है। जिसका लाभ भी कांग्रेस व भाजपा को ही मिलता रहा है। इसी कारण 1993 से यहां एक बार भाजपा व एक बार कांग्रेस की सरकारी बनती आ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में हनुमान बेनीवाल ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी बनाकर 58 सीटों पर चुनाव लड़ा था। मगर उन्हें तीन सीट व 2.4 प्रतिशत वोट मिले थे। इसी तरह भाजपा से बगावत कर घनश्याम तिवाड़ी ने भी भारत वाहिनी पार्टी के नाम से राजस्थान में 63 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। मगर तिवाड़ी सहित सभी की जमानत हो गई थी।

पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने भी पूरे जोर-शोर से चुनाव लड़ा था। मगर उनका कोई भी प्रत्याशी 1000 वोटों की संख्या पार नहीं कर पाया था। यहां तक कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल जाट भी मात्र 628 वोट की ले पाए थे। प्रदेश में आप को 136345 यानि मात्र 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे।

पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के छह विधायक जीते थे। मगर इसे बसपा का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि हर बार की तरह इस बार भी बसपा के सभी 6 विधायकों ने दल बदल कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जिस कारण जीतकर भी बसपा खाली हाथ रह गई थी। पिछले चुनाव में बसपा को 4.03 प्रतिशत मत मिले थे। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर रही है। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के चर्चा जोरों से चल रही है। ऐसे में यदि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाते हैं तो सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की सबसे अधिक संभावना जताई जा रही है। चूंकि अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में पायलट को राजस्थान का नेतृत्व नहीं सौंपेंगे। ऐसे में गहलोत की पसंद का ही मुख्यमंत्री बनेगा। अभी राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट का झगड़ा जोरों पर चल रहा है। दोनों के समर्थक एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। हाल ही में गुर्जर नेता किरोड़ी सिंह बैंसला की श्रद्धांजलि सभा के दौरान पुष्कर में पायलट समर्थकों ने गहलोत समर्थक मंत्री अशोक चांदना व शकुंतला रावत के भाषण देने के दौरान नारेबाजी की व जूते चप्पले उछाली। इतना ही नहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत व राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को बिना भाषण दिए ही वहां से जाना पड़ा। इन दिनों पायलट समर्थक अपने नेता के पक्ष में खुलकर मुखर हो रहे हैं।



वह चाहते हैं कि राजस्थान की कमान पायलट को सौंपी जाएं। गहलोत समर्थक राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा भी खुलकर पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग करने लगे हैं। बैरवा का कहना है कि गहलोत को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना चाहिए तथा राजस्थान का मुख्यमंत्री सचिन पायलट को बनाया जाना चाहिए जिससे पार्टी मजबूत होगी। गत दिनों पायलट के जन्मदिन के अवसर पर गहलोत समर्थक सात विधायकों ने भी पायलट के घर जाकर उनको बधाई देकर सबको चौंका दिया था। मुख्यमंत्री गहलोत राजनीति की एक-एक चाल सोच समझ कर चल रहें हैं। हाल ही में उन्होने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्यों की मीटिंग में मौजूद लोगों से राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने पर राय जानी तो सबने हाथ खड़े करके समर्थन किया। राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर के जाने के बाद रखा गया था। ऐसे में यह प्रस्ताव दिल्ली नहीं भेजा जाएगा। लेकिन गहलोत ने राहुल गांधी के प्रति समर्थन जताकर सियासी तौर पर एक संदेश तो दे ही दिया है। गहलोत चाहते हैं कि यदि उनको पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पड़े तो भी मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी उनके पास ही रहे।

यदि मुख्यमंत्री बदलने की बात आती है तो उनकी राय को तवज्जो दी जाए। गहलोत किसी भी सूरत में सचिन पायलट को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इन दिनो गहलोत समर्थक नेता पायलट को बाहरी बता कर विरोध करने लगे हैं। भाजपा में नेताओं की लड़ाई समाप्त नहीं हो पाई है। पार्टी नेताओं में एकजुटता करवाने के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बार-बार राजस्थान आकर समझाइश करनी पड़ रही है। यहां वसुंधरा राजे चाहती है कि एक बार फिर उनको ही मुख्यमंत्री बनने का मौका मिले। वसुंधरा समर्थकों का मानना है कि राजस्थान में आज भी सबसे बड़ा चेहरा वसुंधरा राजे ही है जिनका प्रदेश की जनता पर प्रभाव है। यदि वसुंधरा को आगे रखकर पार्टी चुनाव लड़ती है तो कांग्रेस को आसानी से हराया जा सकता है।

वहीं राजे विरोधी धड़ा किसी भी सूरत में वसुंधरा को आगे नहीं करना चाहता है। इसीलिए पार्टी आलाकमान ने राजस्थान में मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। राजस्थान के लोगों का मानना है कि अशोक गहलोत व वसुंधरा राजे में पर्दे के पीछे आपसी तालमेल है। इसी कारण एक बार गहलोत और एक बार वसुंधरा मुख्यमंत्री बन रही है। आपसी तालमेल के चलते ही दोनों एक दूसरे के खिलाफ कोई कार्यवाही भी नहीं करते हैं। प्रदेश की जनता इसे दोनो नेताओं का मिलाजुला खेल मानती है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। मगर इनका जाट बेल्ट में ही अधिक प्रभाव है। पिछली बार उन्होंने तीन विधानसभा सीटें जीती थी। लोकसभा चुनाव में बेनीवाल ने भाजपा से गठबंधन कर नागौर लोकसभा सीट जीती थी। मगर इस बार अकेले चुनाव लड़ा तो मुकाबला कड़ा होगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी इस बार राजस्थान में पूरी गंभीरता से चुनाव लड़ने जा रही है। इसी के चलते अक्टूबर में अरविंद केजरीवाल लगातार दो दिन राजस्थान का दौरा करेंगे। आप नेता देवेंद्र शास्त्री का कहना है कि इस बार हमारी पार्टी पूरी गंभीरता से राजस्थान में चुनाव लड़ेगी और जनता को एक तीसरा विकल्प देगी। कांग्रेस और भाजपा के मिले-जुले खेल से ऊब चुकी प्रदेश की जनता को हम एक नया विकल्प देंगे। जो प्रदेश में समुचित विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष व सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी राजस्थान पर अपनी नजर गड़ाए हुयें हैं। हाल ही में उन्होंने राजस्थान का दो दिवसीय दौरा कर जयपुर, सीकर, झुंझुनू, नागौर जिले की कई मुस्लिम बहुल सीटों पर लोगों से संपर्क कर जनसभाएं की थी। उनकी सभाओं में उमड़ी भीड़ को देख कर बड़े राजनीतिक दलों के कान खड़े हो गए हैं। ओवैसी ने जहां भाजपा पर तो हमला बोला ही उसके साथ ही उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी जमकर कटघरे में खड़ा किया। ओवैसी की पार्टी राजस्थान में अपने पांव जमाने में सफल होती है तो इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को होगा।

प्रदेश के आदिवासी बेल्ट में पिछली बार भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार कर दो सीटों पर जीत हासिल की थी। मगर इस बार आदिवासी क्षेत्र में भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) का गठन किया गया है। जिसमें बीटीपी के दोनों विधायक भी शामिल हो गए हैं। भारतीय आदिवासी पार्टी प्रदेश की तीन दर्जन सीटो पर अपने प्रत्याशी खड़े करने जा रही है। जिससे आदिवासी क्षेत्र में सभी बड़ी पार्टियों का खेल बिगड़ेगा।

**प्रदेश के आदिवासी बेल्ट में पिछली बार भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार कर दो सीटों पर जीत हासिल की थी। मगर इस बार आदिवासी क्षेत्र में भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) का गठन किया गया है। जिसमें बीटीपी के दोनों विधायक भी शामिल हो गए हैं। भारतीय आदिवासी पार्टी प्रदेश की तीन दर्जन सीटो पर अपने प्रत्याशी खड़े करने जा रही है। जिससे आदिवासी क्षेत्र में सभी बड़ी पार्टियों का खेल बिगड़ेगा**

# आर्थिक आधार पर आरक्षण और संविधान का मूल ढांचा

**अशोक भारती**

**अभी** तक ओबीसी जातियों को उनकी 52 फीसदी आबादी के बावजूद 27 फीसदी से अधिक आरक्षण देने से इंकार किया जाता रहा है। इस संविधान संशोधन के जरिये गरीबों के लिए आरक्षण का दायरा 10 फीसदी बढ़ा दिया है। ओबीसी जातियों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण देने से अब किस आधार पर इंकार किया जाएगा? कानूनविद केन्द्रीय सरकार द्वारा 103 वां संविधान संशोधन के जरिये आर्थिक आधार पर गैर-आरक्षित या सामान्य वर्गों को शिक्षा और सेवाओं में दिये गए आरक्षण पर अपने-अपने तर्क सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के सामने पेश कर रहे हैं। यह संविधान पीठ भारत के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में संविधान के मूल ढांचे की रौशनी में निम्नलिखित सवालों पर विचार कर रही हैः

1. क्या आर्थिक मानदंडों के आधार पर राज्य को आरक्षण सहित विशेष प्रावधान करने की अनुमति देकर, 103वें संविधान संशोधन संविधान के मूल ढांचे को भंग करता है?

2. क्या निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों में राज्य को प्रवेश संबंधी विशेष प्रावधान करने की अनुमति देकर 103वें संविधान संशोधन संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन करता है?

3. क्या 'सामाजिक और शैक्षिक तौर पर पिछड़े वर्गों/ओबीसी/ अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को आर्थिक तौर पर पिछड़े वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण के दायरे से बाहर रखकर' 103वां संविधान संशोधन संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन करता है? तरह-तरह के सवालों, अंदेशों, सामाजिक पेचीदगियों और अटकलों के बीच चल रही इस सुनवाई के परिणामों का देश, समाज और सरकार को उत्सुकता से इंतजार है।

**संविधान का 103वां संशोधन**

संविधान के 103 वें संशोधन के जरिये भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में संशोधन कर उसमें खंड 15(6) और 16(6) जोड़कर आर्थिक तौर पर पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने का इंतजाम किया गया। यह संविधान संशोधन अनुच्छेद 15 के खंड 15(4) और 15(5) में वर्णित अनुसूचित जातियों, जनजातियों और सामाजिक और शैक्षिक तौर पर पिछड़े या ओबीसी वर्गों को बाहर रखते (एक्सक्लूड करते) हुए खंड 15(6) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में (सिवाय अल्पसंख्यक संस्थानों के) प्रवेश हेतु राज्य को विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है। इस संविधान संशोधन के तहत खंड 16(4) और 16(5) में वर्णित अनुसूचित जातियों, जनजातियों और सामाजिक और शैक्षिक तौर पर पिछड़े या ओबीसी वर्गों को बाहर रखते (एक्सक्लूड करते) हुए, अनुच्छेद 16 का खंड 16(6) देश के आर्थिक रूप से पिछड़े सभी वर्गों को नियुक्तियों या पदों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करता है, जो कि मौजूदा आरक्षण के 50 फीसदी के अधिकतम प्रावधानों के अतिरिक्त है। संविधान का 103वां संशोधन गरीब अनुसूचित जातियों, जनजातियों और ओबीसी वर्गों को छोड़कर गैर-अनुसूचित जातियों/जनजातियों/ओबीसी या सामने वर्गों के लिए आर्थिक आधार पर शिक्षा और सेवाओं में आरक्षण का प्रावधान करता है।

**आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडबल्यूएस) की पहचान**

यूपीए सरकार द्वारा 2006 में रिटायर्ड मेजर जनरल एस आर सिन्हा के नेतृत्व में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आयोग (कमिशन फॉर इकोनोमिकली बैक्वर्ड क्लाससेस) का पुनर्गठन किया था। इस आयोग ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के रूप में ऐसे लोगों को चिन्हित किया, जो या तो गरीबी रेखा के नीचे थे या जिनकी समस्त साधनों से कुल आय आयकर की सीमा से कम थी। सरकार का दावा है कि उसने संविधान के 103वें संशोधन के तहत इन्हीं वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है। इस कानून के तहत आर्थिक तौर पर कमजोर लोग वह हैं, जिनके परिवार की कुल सालाना आय 8 लाख रुपए से कम है या जिनके पास खेती हेतु पांच एकड़ या कम कृषि भूमि, 1000 वर्गफुट का मकान, या अधिसूचित निगम में 100 वर्ग गज या गैर-अधिसूचित निगम में 200 वर्गगज का प्लॉट है। इस कानून के तहत पहले से ही आरक्षण से लाभित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी को छोड़ कर केवल आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग ही आरक्षण के योग्य हैं।

**न्यायिक हस्तक्षेप**

103वें संविधान संशोधन को न्यायिक चुनौती मिलना स्वाभाविक ही था। इस संशोधन के जरिये सरकार ने अनुच्छेद 15 और 16 में एक अतिरिक्त खंड जोड़कर इस अनुछेद इसमें अब 'आर्थिक पिछड़ेपनइ को भी जोड़ दिया गया है। यह बात ध्यान देने की है कि सरकार ने अभी तक सामान्य वर्ग की गरीबी से संबन्धित कोई तर्कसंगत आकलन, पुख्ता जानकारी या आंकड़ें पेश नहीं किए हैं।

हालांकि सरकार के पास 2011 में कराई गई सामाजिक आर्थिक जातिवार जनगणना के आंकड़े मौजूद हैं। इस जनगणना में सरकार ने देश कि प्रत्येक जाति की सामाजिक आर्थिक स्थिति के आंकड़े एकत्रित किए थे। सामान्य वर्ग की गरीबी के पुख्ता आंकड़ों के ना रखे जाने से इसे सामान्य वर्ग, खास तौर पर सवर्ण जातियों, के तुष्टीकरण के तौर पर देखा जा रहा है।

103वें संविधान संशोधन के जरिये सरकार ने आरक्षण की अधिकतम सीमा को बढ़ाकर 60 फीसदी कर दिया है। आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 60 फीसदी करने से आरक्षण संबंधी विधायिका, कार्यपालिका और इन्दिरा साहनी एवं अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के मामले में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा आरक्षण को 50 फीसदी तक सीमित रखना बेमानी हो गया है।

अभी तक ओबीसी जातियों को उनकी 52 फीसदी आबादी के बावजूद 27 फीसदी से अधिक आरक्षण देने से इंकार किया जाता रहा है। इस संविधान संशोधन के जरिये गरीबों के लिए आरक्षण का दायरा 10 फीसदी बढ़ा दिया है। ओबीसी जातियों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण देने से अब किस आधार पर इंकार किया जाएगा? इन सवालों के बीच हम उम्मीद करते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय संविधान के मौलिक तत्वों की रक्षा करते हुए देश, सरकार और समाज को एक न्यायपूर्ण हल देगा।

**(लेखक नेशनल कोन्फे डरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ओगार्नाईजेशन्स (नैकडोर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इस लेख में कानूनी मसलों को समझाने के लिए लेखक युवा एडवोकेट वरुण आहूजा के आभारी हैं।)**

# आप की झाड़ू किसका रास्ता बुहारेगी?

**राजेन्द्र शर्मा**

**'एकला** चलो' के नारे पर चलने जरिए आम आदमी पार्टी, विपक्ष की संभावनाओं को कमजोर करने के जरिए, संघ-भाजपा की कुछ न कुछ मदद जरूर सकती है। याद रहे कि 2014 के आम चुनाव में भी अकेले और एकमात्र, भ्रष्टद्दाचारविरोधी विकल्प होने के अपने दावे के साथ आम आदमी पार्टी ने, जाहिर है कि कारपोरेट नियंत्रित मीडिया की उदार मदद से, मोदी जी की ऐसी ही मदद की थी।

क्याइसे विडंबनापूर्ण ही नहीं कहा जाएगा कि आम आदमी पार्टी (आप) जिसका लोकसभा में प्रतिनिधित्व गुरुदासपुर उपचुनाव के बाद शून्य हो गया है, 2024 में होने वाले अगले आम चुनाव में अकेले और सभी सीटों पर लड़ने का ऐलान करने वाली पहली पार्टी बन गई है। आप के दिल्ली में पिछले सप्ताहांत पर आयोजित पहले निर्वाचित प्रतिनिधि राष्ट्रीय सम्मेलन में इस 'एकला चलो' पर मोहर लगाई गई, जबकि इस सम्मेलन की पूर्व-संध्या में ही गुजरात में अपनी पार्टी के एक आयोजन में, आप सुप्रीमो केजरीवाल इस नीतिगत दिशा का ऐलान भी कर चुके थे। वास्तव में उससे भी पहले से, खासतौर पर पंजाब में अपनी जबर्दस्त कामयाबी के बाद से ही, आप पार्टी ने बार-बार इसका दावा करना शुरू कर दिया था कि वह 'कांग्रेस का स्वाभाविक विकल्प' बन चुकी है। बहरहाल, अब आप ने अपने इस दावे को फैलाकर, समूचे विपक्ष को इसके दायरे में समेट लिया है और वह अकेले ही देश के पैमाने पर भाजपा का मुकाबला करने का दावा कर रही है। खबरों के अनुसार, आप सुप्रीमो ने किसी भी विपक्षी कतारबंदी का हिस्सा बनने के बजाय, सीधे 'एक सौ तीस करोड़ भारतवासियों के साथ गठबंधन' करने की बात कही है। इस पहलू से अगर देखा जाए और थोड़ा उदार हुआ जाए तो क्या केजरीवाल के 'एकला चलो' के ऐलान को, वास्तव में अपनी पार्टी का विस्तार करने की कोशिश की आकांक्षा के रूप में भी नहीं देखा जाना चाहिए? बेशक, केजरीवाल ने अपनी पार्टी के उसी सम्मेलन में, जिसमें 156 विधायकों समेत, 20 राज्यों के कुल 1,446 निर्वाचित प्रतिनिधि उपस्थित थे (हालांकि पार्टी के दूसरे मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को लेकर भी अटकलें लगाई जाएंगी) अन्य सभी पार्टियों को यह कहकर खारिज करना भी जरूरी समझा था कि, 70-75 साल में इन पार्टियों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया था और इसीलिए देश भर में जनता 'बांहें खोलकर आप को गले लगा रही है' आदि। लेकिन, क्या इस सब को भी एक राजनीतिक पार्टी के अपने, दूसरी सभी राजनीतिक पार्टियों से न सिर्फ भिन्न बल्कि श्रेष्ठद्दतर होने के स्वाभाविक दावे के हिस्से के तौर पर ही नहीं देखा जाना चाहिए। इतना ही नहीं, अगले आम चुनाव तक कई महत्वपूर्ण विधानसभाई भी चुनाव होने हैं। इनमें से, हिमाचल और गुजरात विधानसभा के चुनाव तो चंद महीने में ही यानी इसी साल के अंत तक हो जाने हैं। दोनों राज्यों में परंपरागत रूप से जरूर कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला होता आया है। खासतौर पर गुजरात में पिछले विधानसभाई चुनाव में तो करीब पंद्रह साल बाद, भाजपा के हाथों से सत्ता फिसलते-फिसलते रह गई थी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा के चुनावी बोलबाले के लिए, गुजरात सरकार पर भाजपा का कब्जा बनाए रखने का मनोवैज्ञानिक महत्व कितना ज्यादा है, यह स्वतः स्पष्टद्द है। और गुजरात समेत, जहां पिछले विधानसभाई चुनाव में कांग्रेस ने मोदी के नेतृत्ववाली संघ-भाजपा जोड़ी के पसीने छुड़वा दिए थे, कांग्रेस पार्टी कमजोर ही हुई है, जबकि आप के साथ नये समर्थक जुड़ रहे हैं। ऐसे में आप को अगर यह लगता है कि वह भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस से ज्यादा सक्षम है, तो क्यों नहीं वह अपना जोर आजमा कर देखे? कम से कम आप पार्टी के कांग्रेस का स्वाभाविक विकल्प होने के केजरीवाल के शुरूआती दावे का क्या यही संदर्भ नहीं माना जाना चाहिए, हालांकि देश के पैमाने पर 'एकला चलो' के नारे में अब उसका विस्तार कर दिया गया है।

## आओ जातिवाद खत्म करें, शांति का

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर अशांति के प्रतीक प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध, हिरोशिमा नागासाकी में परमाणु बम का उपयोग, सदियों पूर्व राजाओं महाराजाओं द्वारा अन्य राज्यों पर आक्रमण कर उनपर कब्जा करना, अंग्रेजों द्वारा भारत पर आधिपत्य स्थापित करना ऐसे अनेकों उदाहरण अशांति के प्रतीक के रूप में आज इतिहास में दर्ज हैं जिसमें लाखों मनीषियों की जनहानि, आर्थिक चोटें प्राकृतिक संसाधनों पर विपरीत प्रभाव सहित अनेकों हानियों को सहन करने की गवाह परिस्थितियां रही है, इसलिए शांति की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत पड़ी और संयुक्त राष्ट्र ने 21 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में घोषित कियाजो हर वर्ष अलग-अलग थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2022 की थीम जातिवाद खत्म करें, शांति का निर्माण करें तय किया गया है इसलिए इलेक्ट्रिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर हम इस आर्टिकल के माध्यम से शांति पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाने की करें तो, जीवन का प्रमुख लक्ष्य शांति और खुशी प्राप्त करना है, जिसके लिए मनुष्य निरंतर कर्मशील तो है लेकिन शांति के लिए प्रयासरत नहीं। पूरा विश्व, समस्त देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। इसी के तहत 21 सितंबर को हर साल पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य रूप से विश्व स्तर पर शांति बनाए रखने के लिए इस दिवस को मनाए जाने पर मोहर लगी थी, परंतु वर्तमान में कहीं भी शांति के हालात नजर नहीं आते।

# टोल टैक्स बचाने के फेर में बुलेरो पलटी, नौ घायल

▶▶ दर्शन के बाद लौटते समय गाडी का ड्राइवर तेज रफ्तार से गाडी चला रहा था। उसे कई बार टोका, लेकिन उसने किसी की न सुनी



**चित्रकूट।** काशी विश्वनाथ के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ्तार बुलेरो गाडी के टोल टैक्स बचाने के फेर में बेकाबू होकर पलटने से नौ लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ भेजा है। डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देखकर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया है।

बुधवार को ये हादसा मऊ थाना क्षेत्र के अहिरी गांव में हुआ। बताया गया कि राजस्थान के रायपुर जिले के श्रद्धालु चित्रकूट दर्शन को आ रहे थे। काशी विश्वनाथ दर्शन को सीतापुर के एक ट्रवेल्स से बुलेरो बुक कराकर दर्शन को जा रहे थे। दर्शन के बाद लौटते समय चित्रकूट-प्रयागराज सीमा पर लगे टोल टैक्स के पास ड्राइवर ने टोल टैक्स बचाने के चक्कर में बुलेरो तेजी से भगाने लगा। इससे बुलेरो बेकाबू होकर आगे जाकर पलट गई। इस हादसे में नौ लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। इनमें पांच की हालत गम्भीर बताई जा रही है। हादसे में घायल जयपुर राजस्थान की आशा (55) पत्नी सुन्दरम, संध्या (50) पत्नी सुनील, निर्मला (53) पत्नी नन्दलाल, राधामोहन (75) पुत्र नत्थूराम बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में भर्ती कराया। पीड़ित श्रद्धालुओं ने कहा कि नेशनल हाईवे से काशी विश्वनाथ गये थे। दर्शन के बाद लौटते समय गाडी का ड्राइवर तेज रफ्तार से गाडी चला रहा था। उसे कई बार टोका, लेकिन उसने किसी की न सुनी। टोल टैक्स बचाने के चक्कर में टोल टैक्स के पास से कच्ची सड़क से उन्हें ले गया। गाडी के तेज चलाने से गाडी बेकाबू होकर पलट गई। प्रशासन से ड्राइवर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# दीपावली में श्रद्धालुओं को रुलायेंगी तीर्थक्षेत्र की ध्वस्त सड़कें



**चित्रकूट।** धर्मनगरी की ध्वस्त सड़कें दीपावली अमावस्या में भी श्रद्धालुओं को रुलायेंगी और सीएम शिवराज सिंह की छवि में बट्टा लगाएंगी। बुन्देली सेना ने सतना कलेक्टर से सड़कें दुरुस्त कराने की मांग की है।

बुधवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश क्षेत्र के चित्रकूट की हालत दयनीय है। कई प्रमुख सड़कें खस्ताहाल हैं। एमपी टूरिस्ट से लेकर सिरसावन तक बनी सीसी रोड में जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। जानकीकुंड से कामतानाथ मंदिर को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क में वर्षों से नाले में पुल का निर्माण अधूरा पड़ा है। हनुमानधारा मार्ग अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यही हाल खोही-पालदेव बाईपास संपर्क मार्ग का है। हनुमानधारा से कर्वी बाईपास में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। रामघाट में नगर पंचायत के पीछे बनी सीसी रोड बड़े हनुमानजी के पास वर्षों से खोदी पड़ी है। यही हाल पीलीकोठी मार्ग का भी है। जगह जगह गढ्ढे और जलभराव की समस्या बनी रहती है। धर्मनगरी की इन सभी महत्वपूर्ण सड़कों में लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। दीपावली के पहले यह सभी सड़कें बनना जरूरी है। इन्हीं सड़कों से मेला गुजरा तो श्रद्धालु सीएम को कोसेते हुए जायेंगे। बुन्देली सेना ने सतना कलेक्टर से दीपावली के पहले इन सभी सड़कों के निर्माण कराने एवं गड्ढा मुक्त करने की मांग की है।

# मुकदमा न लौटाने पर दबंगों ने घर में लगाई आग



**चित्रकूट।** दबंगों ने मोटरबाइक की मरम्मत न करने पर मैकेनिक की जमकर पिटाई कर दी। मैकेनिक के थाने में रिपोर्ट लिखाने पर मुकदमा न उठाने पर दबंगों ने मैकेनिक के घर में आग लगा दी। इससे घर में खडी टैम्पो जलकर राख हो गई।

ये मामला बरगढ थाना क्षेत्र के खोहर गांव का है। बुधवार को गांव के प्रेमसागर ने बताया कि उसका भाई छोटू बरगढ कस्बे में मोटरबाइक मैकेनिक की दुकान खोले है। 15 सितम्बर को लल्लन उसकी दुकान पर पहुंचा और जल्दी से बाइक मरम्मत को कहने लगा। उसने नम्बर से बाइक मरम्मत की बात कही तो दबंग लल्लन ने गाली-गलौज कर देख लेने की धमकी देकर चला गया। रास्ते में पाकर मैकेनिक व उसके भाई की लाठी-डण्डों से पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट मैकेनिक छोटू ने थाने में दबंगों के खिलाफ लिखाई।

दबंग मुकदमा उठाने का छोटू पर कई दिनों से दबाव बना रहे थे। छोटू के मुकदमा न उठाने पर दबंगों ने मंगलवार देर रात घर में घुसकर आग लगा दी। इससे घर में खडी टैम्पो व एक बछडा की जलने से मौत हो गई। पीड़ित परिवार मुकदमा लिखाने थाने गया तो पुलिस ने नहीं सुनी। पीड़ित परिवार ने थाना पुलिस पर दबंगों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पत्र में कहा है कि दबंग लल्लन व राधेश्याम दुबे अपराधी प्रवृत्ति के हैं, क्षेत्र में दबदबा है। राधेश्याम जिला बदर रह चुका है। पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

# बदले मौसम के मिजाज से फैल रहा वायरल फीवर

**चित्रकूट।** जिले में लगातार बदल रहे मौसम के मिजाज से वायरल फीवर ने लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। अस्पतालों में मरीजों की भारी तादाद देखने को मिल रही है। शहर के जिला अस्पताल में आलम ये है कि लोग डॉक्टरों के चेम्बर के बाहर इलाज कराने को लम्बी-लम्बी कतारों में नजर आ रहे है। बुधवार को जिला अस्पताल में डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया के मरीजों की तादाद में भारी इजाफा देखने को मिल रहा है। लोग सरकारी अस्पताल ही नहीं, बल्कि प्राइवेट अस्पतालों में भी अपना इलाज कराते नजर आ रहे हैं। ऐसे में डॉक्टरों ने लोगों से इन बीमारियों से बचने को सचेत रहने की अपील की है। वायरल फीवर के दस मरीज जिला अस्पताल में भर्ती हैं। एक माह पहले जिला अस्पताल में ओपीडी मरीजों की तादाद छह सौ रहती थी। इन दिनों वायरल फीवर के चलते ओपीडी मरीजों की तादाद दुगनी हो गई है। प्रतिदिन 12 सौ ओपीडी मरीज आते हैं। वायरल फीवर की चपेट में बच्चों समेत बुजुर्ग भी आ गये हैं। सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि बारिश के मौसम में वायरल फीवर की बीमारियां फैलती हैं। इन दिनों वायरल फीवर का प्रकोप ज्यादा है। बुखार, जुखाम, खासी, सिरदर्द जैसे लक्षणों वाले मरीज ज्यादा आ रहे हैं। उनका टेस्ट कराकर मरीजों को दवायें दी जा रही हैं। मरीजों को सलाह दी जा रही है, घर के पास पानी न एकत्र होने दें। जहां मच्छर ज्यादा हों, मच्छरदानी लगाकर सोयें। बासी खाना न खायें। फुल बाजू की शर्ट पहनकर रहें, ताकि मच्छर न काट सकें। लोग डेंगू के प्राथमिक टेस्ट से डरे नहीं। सौ में सिर्फ दो लोगों के लेजर टेस्ट में डेंगू होने का रेसियो मिल रहा है।

# बालिका से दुष्कर्म में दुकानदार को दस साल की सजा

**चित्रकूट।** दुकान में किताब खरीदने आई कक्षा तीन की छात्रा के साथ दुकान के अन्दर दुष्कर्म करने के आरोपी दुकानदार को न्यायालय ने दस वर्ष कारावास व बीस हजार के जुमार्ना से दंडित किया है। बुधवार को लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पांच अगस्त 2019 को एक महिला ने कर्वी कोतवाली में रामस्वरुप पटेल पुत्र रामऔतार निवासी घुरेटनपुर कोतवाली कर्वी के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पीड़िता ने बताया कि उसकी छह वर्षीय पुत्री कक्षा तीन की छात्रा थी। दोपहर में अपरान्ह दो बजे रामस्वरुप पटेल की दुकान में किताब लेने गई थी। इस बीच दुकानदार उसे अन्दर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घर आकर बालिका ने पूरी जानकारी दी। पीड़िता की मां ने कर्वी कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रामस्वरुप के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

# सेवा पखवाडा के रुप में मन रहा पीएम का जन्मदिन



**चित्रकूट।** भाजपा के सेवा पखवाडे के तहत सभी 11 मंडलों में अमृत महोत्सव के तहत चयनित तालाबों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया।

बुधवार को शिवरामपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, बरगढ में पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी, गनीवा मंडल में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ऐंचवारा में सांसद आरके सिंह पटेल, मानिकपुर में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पहाडी में पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, सरधुआ में शिवशंकर सिंह, मऊ में पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, रामनगर में अर्जुन शुक्ला, भरतकूप में चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, कर्वी नगर में अश्वनी अवस्थी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाडा के रुप में मनाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि जल ही जीवन है। हमे तालाबों को संरक्षित करना है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को पार्टी ने सेवा पखवाडा के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। इस मौके पर भाजपा नेता मोनू मिश्रा, अर्पित जायसवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, श्याम गुप्ता, विनोद पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# तीसरे बैच के प्रशिक्षण में एबीएसए ने बांटे प्रमाण पत्र




**चित्रकूट।** ब्लाक संसाधन केन्द्र चित्रकूट में संचालित सेल्फ स्ट्रीम एवं बॉडी कांफिडेंस प्रशिक्षण के दूसरे तीन दिवसीय बैच का समापन खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने कर प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र बांटे। बुधवार को खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं के जीवन, कौशल, विकास और उनको जीवन के हर क्षेत्र में अवसर के समानता उपलब्ध कराने को प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अभिभावकों ने जागरूकता पैदा करने और बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा बालिकाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के समान अवसर देने के बारे में बताया। पहले बैच का प्रशिक्षण 14 से 16 सितम्बर के बीच हुआ। तीसरे बैच का प्रशिक्षण 22 से 24 सितम्बर और चैथे बैच का प्रशिक्षण 26 से 28 सितम्बर को होगा। प्रत्येक बैच में 45 शिक्षक-शिक्षिकायें हिस्सा लेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम गूगल लिंक से राज परियोजना कार्यालय लखनऊ तथा सीमैट प्रयागराज की टीम आनलाइन देखरेख कर रही है। सीमैट की टीम ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की सराहना की। प्रशिक्षक राजेश कुमार, जानकीशरण त्रिपाठी, गिरीश मिश्र ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

# IND vs AUS : खराब फील्डिंग देख आगबबूला हुए भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री

## कहा- बड़ी टीमों से कोई मैच नहीं है

**नई दिल्ली.** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में खेले गए पहले टी20 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को 208 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद टीम ने मैच गंवा दिया। भारत का गेंदबाजी आक्रमण ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के खिलाफ पूरी तरह से फीका नजर आया। टीम के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और वापसी कर रहे हर्षल पटेल काफी महंगे साबित हुए।



ये दोनों किफायती गेंदबाजी के साथ विकेट लेने के लिए मशहूर है, लेकिन इस मैच में इसके उलट हुआ और इन दोनों गेंदबाजों ने मिलकर 8 ओवर में 101 रन लुटाए। गेंदबाजी के अलावा फील्डिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने तीन कैच छोड़े, जोकि हार का कारण भी बना। ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान भारतीय फील्डर्स ने मैच जिताऊ पारी खेलने वाले कैमरन ग्रीन का विकेट भी छोड़ा। कम ओस होने के बावजूद टीम की फील्डिंग निराशाजनक रही और इसलिए पूर्व कोच रवि शास्त्री ने जमकर आलोचना की है।

रवि शास्त्री ने कहा, अगर आप पिछले कुछ सालों में सभी शीर्ष भारतीय टीमों को देखें, तो वहां युवा और अनुभव है। मुझे यहां युवा गायब दिखा हैं और इसलिए फील्डिंग भी। यदि आप पिछले पांच-छह वर्षों को क्षेत्ररक्षण के हिसाब से देखें, तो जब क्षेत्ररक्षण की बात आती है तो मुझे लगता है कि इस टीम का किसी भी शीर्ष पक्ष से कोई मुकाबला नहीं है और यह बड़े टूर्नामेंटों में बुरी तरह प्रभावित करता है। इसका मतलब है कि एक बल्लेबाजी पक्ष के रूप में आपको हर गेम में 15-20 रन और बनाने होंगे, क्योंकि अगर आप मैदान के चारों ओर देखते हैं , प्रतिभा कहां है ? कोई जडेजा नहीं है। वह एक्स-फैक्टर कहां है ?

भारत ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान तीन कैच छोड़े। कैमरन ग्रीन और मैथ्यू वेड का महत्वपूर्ण कैच छोड़ा। ग्रीन को 42 के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला और फिर उन्होंने 61 रन की पारी खेली। वहीं वेड ने 21 गेंदों में 45 रन बनाए।

उन्होंने कहा, आज मैं जिस चीज से निराश था, वह फील्डिंग का मानक था। मेरा मतलब है, यह ढीला है और मुझे लगता है कि जब क्षेत्ररक्षण की बात आती है तो आपको बड़ी प्रतियोगिताओं में बड़ी टीमों को हराने की जरूरत है।%% भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच 23 सितंबर को नागपुर में खेला जाएगा।

# IND vs AUS : गेंदबाजों को डिफेंड करते नजर आए हार्दिक पांड्या- भरोसा रखो, देश में ये सबसे अच्छे पंद्रह लोग हैं इसलिए टीम में हैं

**नई दिल्ली.** भारत को अपने पिछले चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है और इन तीनों हारने वाले मैचों पर गौर करें तो ये पता चलता है कि भारतीय टीम इन मुकाबलों में टारगेट को डिफेंड नहीं कर सकी है। जिसकी सबसे बड़ी वजह जसप्रीत बुमराह का टीम में ना होना और मौजूदा गेंदबाजों का अपनी क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन ना करना है। जसप्रीत बुमराह के बिना भारतीय गेंदबाजी आक्रमण फीका नजर आ रहा है, इसमें ना तो रफ्तार दिख रही है और ना ही बल्लेबाजों को परेशान करने की कला दिख रही है।




भारत की टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी जसप्रीत बुमराह के बिना अधूरी है। मौजूदा समय में भारतीय टीम टारगेट को डिफेंड करने में मुश्किल का सामना कर रही है। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले टी20 मैच में भी भारतीय टीम का वही हाल हुआ है, जो श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में हुआ था। पारी के आखिर में गेंदबाजों ने जमकर रन लुटाएं और यही टीम की कमजोर कड़ी बनी हुई है। उम्मीद थी कि हर्षल पटेल के आने से चीजें थोड़ी आसान होंगी, लेकिन हर्षल की वैरिएशन भी पहले टी20 मैच में भारत को जीत नहीं दिला सकी।

पहले मैच में फिफ्टी लगाने वाले हार्दिक पांड्या ने कहा, %%हम सभी जानते हैं कि जसप्रीत बुमराह टीम में क्या लाते हैं और वह हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। यहां और वहां (लेकिन) चिंताएं होंगी। हमें अपने खिलाड़ियों पर भरोसा करना होगा। देश में ये सबसे अच्छे पंद्रह लोग हैं, इसलिए टीम में हैं। जसप्रीत के होने से बहुत फर्क पड़ता है, जाहिर है , लेकिन वह एक चोट के बाद वापस आ रहा है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि उसे वापस आने के लिए पर्याप्त समय मिले और खुद पर ज्यादा दबाव न डालें।उन्होंने आगे कहा, एक टीम के रूप में, हम बेहतर होना चाहते हैं। हारना आपको बहुत कुछ सिखाता है और हम कहां बेहतर हो सकते हैं। हम एक प्रोसेस टीम के रूप में हैं और जब तक विश्व कप आएगा, हम सुनिश्चित करेंगे इसको बेहतर बनाएंगे और देखेंगे कि कहां हम सुधार कर सकते हैं। मैं खिलाड़ियों के बारे में बहुत आश्वस्त हूं।

सार-समाचार

## अमेरिका ने चीन के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमान को बताया कूड़ा-करकट, 2027 तक की ताइवान प्लानिंग पर कही ये बात



अंतर्राष्ट्रीय. ताइवान के मुद्दे पर चीन और अमेरिका के बीच तनातनी लगातार जारी है। दोनों देशों के बीच लगातार बयानबाजी का दौर भी जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बीते दिनों ये कहकर ड्रैगन को और परेशान कर दिया कि यदि चीन स्वशासित ताइवान पर हमला करने की कोशिश करता है, तो अमेरिकी सेना उसकी रक्षा करेगी। जिसके बाद बौखलाए चीन ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिका से स्पष्ट रूप से कहा कि वह देश को विभाजित करने के उद्देश्य से की गयी किसी भी गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। अब एक बार फिर अमेरिका की तरफ से चीन को लेकर निशाना साधा गया है।

प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के प्रमुख चीन की चुनौती को कमतर नहीं आंकते। लेकिन जब ताइवान पर संभावित आक्रमण की बात आती है, तो उनका मानना है कि बीजिंग और उसके शीर्ष सैन्य योजनाकारों को द्वीप राष्ट्र पर कब्जा करने की उनकी क्षमता के बारे पहले सोचना चाहिए। पीएसीएएफ कमांडर जनरल केनेथ विल्सबैक ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि चीन का जे-20, जो उत्पादन में सबसे उन्नत लड़ाकू है वो कूड़ा-कड़कट के समान है। अमेरिकी पांचवें -जेन फाइटर्स चीनी निर्मित जेट विमानों के मुकाबले अमेरिकी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बेहद उन्नत हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या चीन 2027 तक ताइवान पर आक्रमण करने में सक्षम होगा। वजह ये है कि इस तारीख को कई अधिकारियों ने वर्षों से निर्धारित किया। विल्सबैक ने स्वीकार किया कि यह बीजिंग के लिए एक लक्ष्य हो सकता है। लेकिन यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के परिणाम को देखकर उसे सोचना चाहिए कि ये समयरेखा अभी भी यथार्थवादी है।

## भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, पाकिस्तान की ISI अमेरिका को दुष्मन के रूप में है मानती

**वाशिंगटन.** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों पर निशाना साधा। कृष्णमूर्ति ने कहा कि दक्षिण एशियाई देश में कट्टरपंथियों के खिलाफ उनके रुख के कारण पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई उन्हें (अमेरिका) 'दुश्मन' मानती है। इलिनोइस से डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद ने यह बात बोस्टन में अमेरिकी भारत सुरक्षा परिषद (USISC) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

इस दौरान कृष्णमूर्ति ने कहा कि पाकिस्तान में आईएसआई उन्हें पाकिस्तान में कट्टरपंथियों के खिलाफ उनके रुख के लिए एक दुश्मन के रूप में देखता है। साथ ही उन्होंने दोहराया कि वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और कभी भी किसी भी रंग, जाति या धर्म के साथ भेदभाव नहीं करते हैं।

कृष्णमूर्ति ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय को दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों का समर्थन जारी रखने का आश्वासन दिया, ताकि अमेरिका की यह दोस्ती चीन को प्रशांत क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षाओं से रोक सके।

इस कार्यक्रम में विक्रम राज्यदक्ष, दिनेश पटेल, अभिषेक सिंह, अमर साहनी, दीपिका साहनी और डॉक्टर राज रैना सहित कई प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों ने भाग लिया।

# पुतिन ने 3 लाख सैनिक जुटाने का दिया आदेश, यूक्रेन के चार हिस्सों को मिलाने की है तैयारी

**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों को एक बार फिर चेताया है। पुतिन ने कहा कि पश्चिम देशों ने सीमा की सारी हदें पार कर ली हैं। पश्चिम देश रूस को कमजोर करने और नष्ट करने का आह्वान कर रहे हैं।**

**मास्को.** Russia Ukraine War : इस साल 24 फरवरी से शुरू हुआ रूस और यूक्रेन युद्ध अभी तक जारी है। इस बीच, व्लादिमीर पुतिन ने रूस में 3 लाख रिजर्व सैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। रूस यूक्रेन के डोनेत्स्क, लुहांस्क, खुरासान और जापोरिज्जिया को अपना हिस्सा बनाने की कोशिश कर रहा है। साथ ही पुतिन ने इन इलाकों में जनमत संग्रह कराने का आदेश दिया है।



वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी देशों को एक बार फिर चेताया है। पुतिन ने कहा कि पश्चिम देशों ने सीमा की सारी हदें पार कर ली हैं। पश्चिम देश रूस को कमजोर करने और नष्ट करने का आह्वान कर रहे हैं। राष्ट्र के नाम संबोधन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की कि यूक्रेन में युद्ध लगभग सात महीने तक पहुंचने पर सेना की आंशिक लामबंदी को लेकर डिक्री पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

पुतिन ने कहा कि यह निर्णय मातृभूमि इसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए लिया गया था। इसे पश्चिम देशों द्वारा एक वृद्धि के रूप में देखा जा रहा था।

**तत्काल निर्णय लेना था अनिवार्य: पुतिन**

पुतिन ने जोर देकर कहा कि हम आंशिक लामबंदी के बारे में बात कर रहे हैं। साथ ही पुतिन ने रूस में 3 लाख रिजर्व सैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया। वे भर्ती के अधीन होंगे और सबसे बढ़कर सशस्त्र बलों में सेवा करने वालों के पास एक निश्चित सैन्य विशेषता और प्रासंगिक अनुभव है। पुतिन ने कहा कि इस कदम की आवश्यकता थी, क्योंकि रूस के लोगों की रक्षा के लिए तत्काल निर्णय लेना अनिवार्य था।

**लगभग सात महीनों से चल रहा युद्ध**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को रूस में आंशिक लामबंदी की घोषणा की है। यूक्रेन में युद्ध लगभग सात महीने से चल रहा है। पुतिन का राष्ट्र के नाम संबोधन पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में रूसी-नियंत्रित क्षेत्रों द्वारा रूस के अभिन्न अंग बनने पर वोट आयोजित करने की योजना की घोषणा के एक दिन बाद आया है।

गौरतलब है कि युद्ध के पहले महीनों के बाद से ही जनमत संग्रह होने की उम्मीद जताई जा रही थी। शुक्रवार को लुहान्स्क, खेरसॉन और आंशिक रूप से रूसी-नियंत्रित जापोरिज्जिया और डोनेट्स्क क्षेत्रों में शुरू होगा। पुतिन ने कहा कि उन्होंने आंशिक लामबंदी पर एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए हैं, जो बुधवार से शुरू होने वाला है।

## Mexico Earthquake: मेक्सिको में भूकंप को लेकर अजब इत्तेफाक, थम-सी गई सांसें; लोग बोले- ईश्वर फिर नहीं!

**मेक्सिको सिटी.** मेक्सिको में सोमवार को एक ऐसा इस्तेफाक हुआ, जिससे लोगों की सांसें थम-सी गईं। मेक्सिको में 2017 में विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमें 350 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इस विनाशकारी भूकंप में एक स्कूल में कुछ छात्रों की भी मौत हो गई थी। इनकी याद में एक प्रार्थना हो रही थी, तभी जमीन फिर हिलने लगी और लोग दहशत में आ गए।

**एक बार फिर, नहीं! मेरे ईश्वर, फिर नहीं!**

शायद ही किसी ने सोचा होगा कि 19 सितंबर 2017 के विनाशकारी भूकंप की यादें उसी दिन 2022 में ताजा हो जाएंगी। स्कूल में माता-पिता जब अपने बच्चों को याद कर ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे, तभी फिर जोरदार भूकंप के झटकों ने लोगों को हैरान कर दिया। प्रार्थना कर रहे एक शख्स ने कहा, 'एक बार फिर, नहीं! मेरे ईश्वर, फिर नहीं!' इसके बाद वह जोर से चिल्लाए। इस दौरान 7.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे थे। प्रशांत तट के राज्य कोलिमा में दो लोगों की मौत हो गई।

**इत्तेफाक या फिर कुछ ओर, 19 सितंबर को मेक्सिको में 3 भूकंप**

इसे इत्तेफाक कहें या फिर कुछ और 19 सितंबर को मेक्सिको में तीन शक्तिशाली भूकंप आए हैं। पहला 1985, दूसरा 2017 और अब तीसरा 2022 में। इस अशुभ संयोग ने कई लोगों के लिए चिंता को बढ़ा दिया है। मेक्सिको में हर साल 19 सितंबर को वार्षिक भूकंप ड्रिल का आयोजन किया जाता है। 19 सितंबर को 3 भूकंप आने से लोगों में अब इस दिन को लेकर दहशत है।

**विज्ञानियों ने दिया ये तर्क**

क्या 19 सितंबर को 3 विनाशकारी भूकंप आने के पीछे कोई कारण है? इस सवाल के जवाब में विज्ञानियों को कहना है कि इसके पीछे कोई विशेष कारण नहीं है। यह सिर्फ इत्तेफाक है, इससे ज्यादा कुछ नहीं। 1985, 2017 और अब 2022 में आए भूकंप के बीच कोई संबंध नहीं है। ऐसे में लोगों को इस तारीख को लेकर चिंता नहीं करनी चाहिए।

**भूकंप से 200 से अधिक इमारतों को नुकसान**

मेक्सिको की राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समन्वयक लौरा वेलाज़्क्वेज़ ने भूकंप के झटके थमने के बाद मंगलवार को कहा कि कोलिमा में दो मौतें इमारतों के कुछ हिस्सों के गिरने के कारण हुईं। इस दौरान दस लोग घायल भी हुए।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भूकंप के झटकों के कारण दर्जनों स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों सहित 200 से अधिक इमारतों को नुकसान पहुंचा है।

अधिकांश नुकसान उन प्रशांत राज्यों में हुआ, जो मिचोआकन के करीब थे। मेक्सिको सिटी की करीब 20 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, लेकिन यह मामूली हैं।

## एक बार फिर दस्तक दे सकती है कोरोना महामारी, यूरोप को EMA ने किया अलर्ट


**द हेग.** कोरोना संक्रमण के मामलों के घटने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि हम सावधानी बरतना छोड़ दें क्योंकि महामारी की नई लहर एक बार फिर दस्तक दे सकती है इसलिए सभी के लिए एहतियात रखना जरूरी है। दरअसल यूरोपीयन मेडिसीन्स एजेंसी (EMA) ने अलर्ट किया है। एजेंसी ने कहा है कि कोरोना मामलों में कमी के बावजूद महामारी अभी खत्म नहीं हुई है और देशों को इसके लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए।

**बीते कुछ हफ्ते से महामारी के मामलों में आई है कमी**

श्वरूके स्वास्थ्य संबंधित खतरों व वैक्सीन की रणनीति की मानिटरिंग करने वाले विभाग के प्रमुख मार्को कावालेरी (Marco Cavaleri) ने कहा, बीते कुछ हफ्तों के दौरान कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी देखी गई साथ ही इसके कारण मरने वालों का आंकड़े में भी इजाफा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें संक्रमण की नई लहर के लिए तैयार रहने की जरूरत है। कावालेरी ने आगे बताया कि बीते दो सालों से अधिक समय से इसी तरह के हालात बने हैं। मौसम बदलने के साथ ही नया वेव लौट कर आ जाता है और यही ट्रेंड इस बार भी दिखने लगा है। शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने भी कोरोना वायरस के नए वैरिएंट्स को लेकर सचेत किया है और इसकी महत्ता पर भी जोर दिया है। यूरोप में तेजी से फैल रहा है ओमिक्रोन का संक्रमण ओमिक्रोन (Omicron) BA.z वैरिएंट अभी भी डामिनेंट वैरिएंट है जो यूरोप में फैल रहा है। हमें अन्य वैरिएंट से भी सतर्क रहना होगा। उदाहरण के लिए BA.4.6 अमेरिका में तुरंत फैल रहा है और यूरोप में भी इसकी पहचान हुई है। BA.2.75 वैरिएंट भी चिंता का सबब है। EMA के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी स्टीफन थर्स्ट्रुप (Steffen Thirstrup) ने कहा, मेरे पास जो स्पष्ट जानकारी है और कावालेरी के प्रेजेंटेशन से पता चला है कि हम अभी भी यूरोप में यह मान कर चल रहे हैं कि महामारी जारी है।

# पुतिन से बोले पीएम मोदी, 'यह युद्ध का समय नहीं',अमेरिका ने किया स्वागत; कहा- भारत का यह एक सैद्धांतिक बयान

**वाशिंगटन.** हाल ही में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात एससीओ बैठक में हुई थी। इस मुलाकात में दोनों ही देशों के शीर्ष नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध समेत कई अहम मुद्दों पर हुई थी। पुतिन और पीएम मोदी के बीच युक्रेन मसले पर हुई बात को लेकर बाइडन प्रशासन की ओर से बयान जारी किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन (Jake Sullivan) ने मंगलवार को कहा कि पुतिन के साथ पीएम मोदी की बातचीत कि यह यूक्रेन में युद्ध का समय नहीं है। पुतिन के साथ हुई पीएम मोदी की बैठक में यह एक सैद्धांतिक बयान था, जिसे वह सही मानते हैं। अमेरिका भारत के इस बयान का स्वागत करता है। एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर पीएम मोदी के बयान पर एक सवाल के



जवाब में सुलिवन ने कहा कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा वह सही और न्यायपूर्ण है। उनकी ओर से यह एक सिद्धांतिक बयान था। अमेरिका की ओर से इस बयान का स्वागत किया गया। अमेरिका और भारतीय नेतृत्व जिसके मास्को में लंबे समय से संबंध हैं। रूसी सरकार के माध्यम से उस संदेश को मजबूत रखना है। अब युद्ध समाप्त होने का समय है।

**आप अपने पड़ोसी के क्षेत्र को नहीं जीत सकते बलपूर्वक: अमेरिका**

उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से यह युद्ध समाप्त होना चाहिए, वह रूस के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर की मूल शर्तों का पालन करना और उन क्षेत्रों को वापस करना है जिन्हें उसने बलपूर्वक जब्त कर लिया है। यूक्रेन या अमेरिका सभी को इस मूल प्रस्ताव के इर्द-गिर्द केंद्रित होने में सक्षम होना चाहिए। आप अपने पड़ोसी के क्षेत्र को बलपूर्वक नहीं जीत सकते हैं। यदि रूस उस प्रयास को छोड़ देता है, तो यूक्रेन में शांति सबसे तेज और निर्णायक रूप से आएगी।

**रूस को अचूक संदेश भेजना, उस क्षेत्र में शांति पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण :अमेरिका**

सुलिवन ने कहा कि वे दुनिया के हर देश को ऐसा करते हुए देखना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि रूस को एक स्पष्ट और अचूक संदेश भेजना उस क्षेत्र में शांति पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही कहा कि हम चाहते हैं कि दुनिया का हर देश ऐसा करे। वे चाहें तो इसे सार्वजनिक रूप से कर सकते हैं। वे चाहें तो इसे निजी तौर पर कर सकते हैं। लेकिन इस समय मॉस्को को वह स्पष्ट और अचूक संदेश भेजना सबसे महत्वपूर्ण बात है, जो मुझे लगता है कि हम सामूहिक रूप से उस क्षेत्र में शांति पैदा करने के लिए कर सकते हैं। गौरतलब है कि शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति से कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है।

# लिसेस्टर के बाद अब स्मेथविक में हिंदू मंदिर के बाहर उपद्रव

**लंदन।** ब्रिटेन में सांप्रदायिक उन्माद तेज हो गया है। भारत-पाकिस्तान के एशिया कप मैच के बाद पहले लंदन के समीप लिसेस्टर में हिंदू-मुस्लिम दंगा हुआ और अब स्मेथविक में उपद्रव हुआ है। स्मेथविक में मंगलवार को 200 से ज्यादा लोगों ने एक मंदिर के बाहर अल्लाह हू अकबर के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह उपद्रव इंग्लैंड के स्मेथविक शहर के वेस्ट मिडलैंड्स के दुर्गा भवन मंदिर पर हुआ। यहां एक वर्ग ने विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था।

इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। इनमें भीड़ को भड़काने वाले नारे लगाते देखा सुना जा सकता है। वहीं, सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ प्रदर्शनकारी मंदिर की दीवार पर भी चढ़ गए।

वायरल वीडियो में 200 से ज्यादा लोग दुर्गा भवन हिंदू मंदिर की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान भीड़ उग्र नारे लगा रही है। बर्मिंघम वर्ल्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह घटना भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप क्रिकेट के बाद लिसेस्टर में हुए दंगों से मिलती-जुलती है।

लिसेस्टर की घटना के बाद लंदन में भारतीय उच्चायोग ने भारतीय समुदाय के खिलाफ हिंसा की कड़ी निंदा की थी।


उच्चायोग ने इंग्लैंड के प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लिसेस्टर दंगों के मामले में अब तक 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अफगानी ड्रग माफिया नूरजई दो दशक बाद अमेरिकी जेल से रिहा, गुपचुप तरीके से पहुंचा काबुल

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से आई एक खबर ने भारत सहित कई देशों की सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया है। अमेरिकी जेल में तकरीबन दो दशक तक बंद रहे कुख्यात ड्रग माफिया हाजी बशीर नूरजई को गुपचुप तरीके से रिहा कर दिया गया है। तालिबान आंदोलन का समर्थक रहा यह ड्रग जेल से रिहा होने के बाद काबुल पहुंच गया है।

अफगानी ड्रग माफिया हाजी बशीर नूरजई का नाम ड्रग तस्करों के टॉप 10 मोस्ट वांटेड की सूची में शामिल था। काबुल के इस कुख्यात ड्रग माफिया पर विदेशी नारकोटिक्स किंगपिन एक्ट लगा था और उसे 2005 में न्यूयॉर्क से गिरफ्तार किया गया था। उस पर अमेरिका में 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की कीमत की



हेरोइन तस्करी करने का आरोप था। करीब दो दशक से वह अमेरिकी जेल में बंद था लेकिन अचानक इस कुख्यात ड्रग तस्कर को रिहा कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक उसे अफगानिस्तान की जेल में बंद अमेरिकी इंजीनियर मार्क फ्रेरिच को छोड़ने के बदले रिहा किया गया है। उसे जनवरी, 2020 में अगवा करके अफगानिस्तान की जेल में रखा गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बशीर नूरजई की रिहाई की घोषणा के लिए काबुल में एक सभा आयोजित की गई जिसमें कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अमेरिकी नागरिक की रिहाई के बदले नूरजई को रिहा किया गया है।

बशीर नूरजई का स्याह अतीत और उसकी रिहाई भारत सहित कई देशों की चिंताएं बढ़ाने वाला है।

माना जाता है कि उसकी रिहाई से ड्रग्स का कारोबार नये सिरे से इन देशों का सिरदर्द बढ़ा सकता है। कोलंबियाई ड्रग माफिया पाब्लो एस्कोबार की तरह अफगानिस्तान के कुख्यात ड्रग माफिया हाजी बशीर नूरजई को मिडिल ईस्ट का पाब्लो एस्कोबार कहा जाता है। वह तालिबान संस्थापक मुल्ला मोहम्मद उमर का करीबी माना जाता रहा है।